सुप्रभात
रांची, रविवार
29.12.2024
नगर संस्करण। पेज : 12


धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com
khabarmantra.net
पौष, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 168

06 2025 का संदेश प्रकृति के स्वर को सुने



## न्यूज डायरी

### जेवर व्यवसायी को गोली मार कर तीन लाख लूटे

**दुमका।** बाइक सवार अपराधियों ने शनिवार की देर शाम मसलिया थाना के महुलबना गांव के पास जेवर व्यवसायी संजय राणा (22) को गोली मार दी। गोली लगने के बाद अपराधी बाइक की डिक्की में रखे तीन किलो चांदी और 14 हजार रुपया लेकर फरार हो गये। उनकी हालत गंभीर है। संजय राणा शाम में चांदी और 14 हजार रुपये डिक्की में रख कर घर जा रहे थे।

### दिल्ली में बारिश ने तोड़ा सौ साल का रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में शनिवार को भी कई इलाकों में भारी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे में 41.2 मिमी बारिश हुई, जो 101 साल में दिसंबर में एक दिन में हुई सबसे अधिक बारिश है। बारिश का दौर जारी रहा जिसकी वजह से औसत तापमान में भारी गिरावट आयी है। आईएमडी ने वीक एंड के लिए 'येलो' अलर्ट जारी किया है। राष्ट्रीय राजधानी में तीन दिसंबर 1923 को एक ही दिन में सबसे अधिक बारिश हुई थी, जो 75.7 मिमी थी।

### झामुमो में वापसी का कोई ईरादा नहीं : चंपई

**रांची।** पूर्व सीएम और भाजपा विधायक चंपई सोरेन ने झामुमो में वापसी की बात से पूरी तरह से इनकार किया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि किसी भी परिस्थिति में उनका झामुमो में लौटने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा है कि एक बार फिर कुछ न्यूज पोर्टलों के जरिये मेरे बारे में झूठी अफवाहें फैलाई जा रही हैं। एक साजिश के तहत बार-बार ऐसा करके समर्थकों में भ्रम पैदा करने और मुझे बदनाम की कोशिश की जाती है।

### नीतीश रेड्डी के शतक से भारत की स्थिति सुधरी

**नयी दिल्ली।** टीम इंडिया के युवा बल्लेबाज नीतीश कुमार रेड्डी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में शतक जड़ इतिहास रच दिया है। अपनी बल लेबाजी से उन्होंने टीम को मुश्किल स्थिति से उबारने का काम किया और टीम इंडिया की मैच में वापसी करायी। ऑलराउंडर तीसरे दिन स्टंप्स तक 105 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने आठवें विकेट के लिए वाशिंगटन सुंदर के साथ 127 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। उनकी इस शानदार पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया के 474 रन के जवाब में भारत का स्कोर 385/9 हो गया।

### एक करोड़ कीमत की पोस्ता की भूसी जब्त

**रांची।** हजारीबाग पुलिस ने भारी मात्रा में पोस्ता की भूसी बरामद कर वाहन के चालक और सहचालक को गिरफ्तार कर लिया है। यह पोस्ता तस्करी के खिलाफ पुलिस की बड़ी सफलता मानी जा रही है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गयी।

# अलविदा डॉ मनमोहन सिंह पंचतत्व में विलीन

## बड़ी बेटी ने दी मुखाग्नि, नम आंखों से देश ने दी आखिरी विदाई, राजकीय सम्मान के साथ निगमबोध घाट पर अंतिम संस्कार

### राष्ट्रपति, पीएम, स्पीकर राहुल समेत तमाम दिग्गज थे घाट पर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह पंचतत्व में विलीन हो गये। पूरे देश ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। शनिवार को दिल्ली के निगमबोध घाट में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार गया। पूर्व पीएम के सम्मान में 21 तोपों की सलामी दी गयी। अंतिम संस्कार से पहले डॉ मनमोहन सिंह के परिवार वालों ने अरदास पढ़ा। स्व सिंह की बड़ी बेटी ने उन्हें मुखाग्नि दी। पत्नी गुरशरण कौर, उनकी तीनों बेटी सहित पूरा परिवार वहां मौजूद रहा। राष्ट्रपति दौपद्री मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पीएम नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा, मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, किरेन रिजिजू, भूपिंदर सिंह हुड्डा, अखिलेश प्रसाद सिंह समेत कई नेता घाट पर मौजूद थे। सभी नेताओं ने पूर्व पीएम के पार्थिव शरीर में पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया। भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने भी मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। गुरुवार देर रात एम्स में मनमोहन सिंह ने अंतिम सांस ली थी।

**आर्मी वाहन पर राहुल भी थे सवार :** इससे पहले पूर्व पीएम के पार्थिव शरीर कांग्रेस मुख्यालय में अंतिम संस्कार के लिए



रखा गया था। वहां कांग्रेस सहित अन्य दलों के नेताओं ने मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी। वहीं से निगमबोध घाट तक अंतिम यात्रा निकाली गयी। (शेष पेज 11 पर)

### अंत्येष्टि स्थल पर विवाद, राहुल बोले अपमान हुआ

मनमोहन सिंह के निधन के शोक के बीच उनकी अंत्येष्टि और स्मारक स्थल को लेकर उस वक्त एक विवाद भी खड़ा हुआ जब सरकार ने उनका अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर किए जाने का फैसला किया। निगमबोध घाट पर अंतिम संस्कार को लेकर राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है। कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी समेत कई नेताओं ने इसे मनमोहन सिंह का अपमान करार दिया। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, भारत माता के महान सपूत और सिख समुदाय के पहले प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी का अंतिम संस्कार आज निगमबोध घाट पर करवाकर वर्तमान सरकार द्वारा उनका सरासर अपमान किया गया है। आज तक सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों की गरिमा का आदर करते हुए उनके अंतिम संस्कार अधिकृत समाधि स्थलों में किये गये, ताकि हर व्यक्ति बिना किसी असुविधा के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दे सकें। डॉ. मनमोहन सिंह हमारे सर्वोच्च सम्मान और समाधि स्थल के हकदार हैं। सरकार को देश के इस महान पुत्र और उनकी गौरवशाली कौम के प्रति आदर दिखाना चाहिए था। दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल ने लिखा, ये खबर सुनकर मैं स्तब्ध हूं। डॉ मनमोहन सिंह जी के अंतिम संस्कार और समाधि के लिए भाजपा सरकार 1000 गज जमीन भी न दे सकी।

### औचक निरीक्षण में अस्पताल की दशा देख भड़के वित्त मंत्री, कहा

## एक सप्ताह में सुधारें, नहीं तो कार्रवाई

आयुष्मान के तहत इलाज नहीं होने पर नाराज

सभी को यूनिफार्म में रहने, नेम प्लेट लगाने का भी निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमएमसीएच) की स्थिति सात दिनों के अंदर सुधारने को कहा गया है, अगर स्थिति नहीं सुधरी तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर शनिवार को औचक निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण में उन्हें कई अनियमितताएं मिलीं। साथ ही वहां की गंदगी देख वे काफी नाराज भी हुए। प्रशासन को कड़ी हिदायत दी कि यदि सात दिनों में व्यवस्था नहीं सुधरी तो कड़ी कार्रवाई होगी। मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने सात दिनों के अंदर अस्पताल में व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया।



**आयुष्मान के तहत इलाज का निर्देश :** निरीक्षण के दौरान वे भर्ती मरीजों से मिलकर हालचाल पूछा। उन्होंने गहनतापूर्वक विभिन्न ओपीडी एवं वार्डों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा युनिफार्म नहीं पहने जाने, नेम प्लेट नहीं लगाये जाने पर खेद प्रकट किया। उन्होंने पाया कि आयुष्मान भारत के तहत मरीजों का इलाज नहीं किया जा रहा है। अस्पताल की दुर्दशा पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार गरीबों को निःशुल्क इलाज करने के लिए सारी सुविधाएं दे रही है । इसके बावजूद भी चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घोर लापरवाही बरता जाना काफी सोचनीय है। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियो को यूनिफार्म में रहने का निर्देश दिया। साथ ही आयुष्मान भारत के तहत मरीजों का इलाज करने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि 31 दिसंबर 2025 तक नये भवन को तैयार करने का निर्देश दिया जिसमें ओपीडी व इमरजेंसी सेवा शुरू करने का भी निर्देश दिया।

### मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के खाते में आये पैसे

# जो कहा, रिकार्ड समय में उसे पूरा किया : हेमंत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने मंईयां योजना के तहत पांचवी किस्त महिलाओं के खाते में डालने के बाद उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इसकी जानकारी भी दी। सीएम ने लिखा 'जो कहा-उसे रिकॉर्ड समय में पूरा किया। 28 दिसंबर को रांची में महिला सम्मान योजना से जुड़ा कार्यक्रम किया जाना था, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के बाद इस कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया, हालांकि लाभार्थी महिलाओं के खाते में योजना की पांचवी किस्त



2500 रुपए डाल दिये गये। झारखंड में मंईयां सम्मान योजना को लेकर विपक्ष की ओर से उठाये जा रहे तमाम तरह के सवालों के बीच हेमंत सरकार ने महिलाओं के खाते में इस योजना की पांचवी किस्त भेजनी शुरू कर दी है। सीएम हेमंत ने अपने मैसेज में कहा, मैंने जो वादा राज्य की महान जनता से किया था, उसे पूरा कर रहा हूं। हर मंईयां के खाते में हर माह 2500 रुपये दिये जा रहे हैं। साल में पूरे 30 हजार रुपये मिलेंगे।

**अफसरों को निर्देश :** हेमंत सोरेन सरकार ने अधिकारियों को ये भी निर्देश दिये हैं कि जो भी इस योजना के लिए हकदार नहीं हैं उन्हें चिन्हित कर उनका रजिस्ट्रेशन खारिज किया जाये। इसके बाद अधिकारियों ने इस पर कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

सीएम हेमंत सोरेन 28 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रम में खुद लाभुकों को राशि देने की घोषणा करने वाले थे लेकिन कार्यक्रम के रद्द होने के कारण, लाभार्थियों के खाते में पहले ही राशि क्रेडिट होनी शुरू हो गयी। झामुमो ने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि सरकार बनते ही मंईयां सम्मान योजना की राशि को 1000 से बढ़ाकर 2500 रुपये कर दिया जायेगा। घोषणा के अनुसार सरकार अपना वादा पूरा कर रही है।

## गंभीर रूप से झुलसी एसडीओ की पत्नी चल बसी, पति पर हत्या का केस



फाइल फोटो

**हजारीबाग सदर एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनिता कुमारी की शनिवार को रांची के देवकमल अस्पताल में निधन हो गया। डॉक्टरों के अनुसार वह 65 फीसदी तक झुलस गयी थीं। एसडीओ के ससुराल वालों ने पति पर अनिता को जलाकर मार देने के आरोप में थाने में केस दर्ज कराया है। अनिता की मौत के बाद एसडीओ की गिरफ्तारी को लेकर शव के साथ थाने पर प्रदर्शन किया।** *(खबर पेज 7 पर)*

### 1 को बाबा का शीघ्र दर्शन कूपन 600 में

**देवघर।** बाबा बैद्यनाथ मंदिर में शीघ्र दर्शनम कूपन की दर में 1 जनवरी के लिए बढ़ोतरी की गयी है। वैसे श्रद्धालु जो एक जनवरी को बाबा का शीघ्र दर्शनम करना चाहेंगे, उन्हें 300 रुपये की जगह 600 रुपये देने होंगे। इसको लेकर देवघर के उपायुक्त विशाल सागर ने बैठक कर मंदिर प्रबंधन से जुड़े पदाधिकारियों को निर्देश दे दिये हैं। नये साल पर कई ऐसे लोग हैं जो पिकनिक स्पॉट नहीं जाकर मंदिर में भगवान भोलेनाथ का दर्शन करना पसंद करते हैं। ऐसे में आने वाली भारी भीड़ को देखते हुए देवघर जिला प्रशासन और मंदिर प्रबंधन ने यह फैसला लिया है। वहीं आम दिनों में शीघ्र दर्शनम कूपन दर 300 रुपये ही रहेगा। शीघ्र दर्शन कूपन कटवाने के बाद लोगों के लिए एक विशेष लाइन बनायी जाती है।


## तालिबानी हमले में 19 पाकिस्तानी सैनिक ढेर

### सीमा पर दोनों देशों में भीषण झड़प जारी

### कई पाकिस्तानी सैन्य चौकियां फूंकी, दो पर कब्जा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कभी एक दूसरे के गहरे दोस्त रहे तालिबान और इस्लामाबाद आज सैन्य झड़पों तक पहुंच गये हैं। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। पाकिस्तान की ओर से एयरस्ट्राइक के बाद दोनों में तनाव चरम पर है। सीमा चौकियों पर हुए भीषण संघर्ष में 19 पाकिस्तानी सैनिक और तीन अफगान नागरिकों की मौत हो गयी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, टोलोन्यूज ने राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के एक सूत्र के हवाले से बताया कि पाकिस्तान की सीमा से लगे पूर्वी



अफगानिस्तान के खोस्त और पक्तिका प्रांतों में भीषण झड़पें जारी हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगान सीमा बलों ने खोस्त प्रांत के अली शिर जिले में कई पाकिस्तानी सैन्य चौकियों में आग लगा दी। वहीं पक्तिका प्रांत के दंड-ए-पाटन जिले में दो पाकिस्तानी चौकियों पर कब्जा कर लिया। सूत्र ने बताया कि दंड-ए-पाटन जिले में पाकिस्तानी सैनिकों की तरफ से दागे गये मोर्टार के गोले के कारण तीन अफगान नागरिकों की जान चली गयी। (शेष पेज 11 पर)

गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 91000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख





# बच्चे का आधार अपडेट के नाम पर पैरेंट के खाते से रुपये उड़ाये

## स्कूल का कारनामा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** स्कूल में बच्चे का आधार अपडेट कराने के नाम पर अभिभावक के खाते एक लाख रुपये साइबर ठगी का मामला सामने आये है। ठगी के शिकार हुए बेरमो अनुमंडल के बोकारो थर्मल वैशाखी कॉलोनी निवासी तथा कथारा स्थित वासु ट्रेडर्स के मालिक रोहित सिंह। उन्होंने इस संबंध में स्थानीय थाने में शिकायत भी की है। रोहित सिंह ने बताया कि उनके खाते से शुक्रवार को साइबर ठगी कर एक लाख रुपये की निकासी कर ली गयी। इस संबंध में पीड़ित ने शनिवार को बताया कि उनके दो बच्चे कमला के मार्डन स्कूल में पढ़ते हैं। 26 को स्कूल से शुभ हर्ष गायकवाड़ ने उन्हें मोबाइल पर फोन करके स्कूल



आकर दोनों बच्चों का स्कूल फी जमा करने को कहा। स्कूल जा कर अपने मोबाइल से काउंटर पर बैठे शुभ हर्ष गायकवाड़ के सामने ऑनलाइन फी के एवज में 10 हजार दो सौ रुपये जमा कर दिये।

उन्हें दुबारा बच्चों का आधार अपडेट कराने शुभ हर्ष ने फोन करके स्कूल बुलाया। स्कूल पहुंचने पर शुभ हर्ष ने कहा कि उसका मोबाइल खराब हो गया है। बच्चों का फोटो खींचने एवं आधार अपडेट करने के नाम पर रोहित सिंह का मोबाइल लेकर काम करने लगा। इसी दौरान उनके खाते से एक लाख रुपया साइबर ठगी के तरीके से निकाल लिया गया। उन्हें इसकी जानकारी उसे नहीं हो सकी, क्योंकि उसने मोबाइल से सारा मैसेज भी डिलीट कर दिया था। रात में घर लौटने पर मोबाइल का ऑनलाइन हिसाब देखा तो उनके खाते से मोबाइल नंबर 7070577848 पर एक लाख रुपये का ट्रांसफर किया गया था। वह मोबाइल कमला के मार्डन स्कूल के मधुकर गायकवाड़ की है। शुक्रवार की रात्रि मामले की पूछताछ को लेकर उसने मधुकर गायकवाड़ को फोन किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

शनिवार की सुबह मामले की जानकारी लेने कमला स्कूल गये तो काफी देर बाद मधुकर गायकवाड़ आये। उन्होंने कहा कि वे हल्ला ना करें उनका एक लाख रुपया दो घंटे में लौटा दिया जायेगा। बाद में रोहित सिंह एवं शंभू सिंह ने स्थानीय थाना में जाकर मामले की जानकारी इंस्पेक्टर शैलैंद्र कुमार सिंह को दी। रोहित सिंह का कहना था कि गुरुवार को स्कूल फी के एवज में ऑनलाइन रुपया जमा करने के दौरान ही उसके मोबाइल का पासवार्ड देख लिया गया और शुक्रवार को स्कूल बुलाकर अपडेट करने के बहाने रुपये की निकासी कर ली। इंस्पेक्टर ने जांचकर कार्रवाई का भरोसा दिया।

### संत पॉल के एकाउंट में ट्रांसफर

रोहित सिंह के एकाउंट से रुपये की निकासी कर उसे गोमिया स्थित एचडीएफसी के संत पॉल मार्डन स्कूल सोसायटी के एकाउंट में ट्रांसफर कर दिया गया है। संत पॉल स्कूल के कोषाध्यक्ष इमैनुअल तिवारी ने पूछे जाने पर कहा कि संत पॉल स्कूल का गोमिया के बैंक का उक्त एकाउंट काफी पूर्व से ही बंद कर दिया गया है और वह प्रचलन में नहीं है। मामले को लेकर वे कानूनी कार्रवाई भी करेंगे। वहीं मधुकर गायकवाड़ ने पूछे जाने पर कहा कि एक लाख रुपया संत पॉल के एकाउंट में ट्रांसफर हो गया है फिर भी वे रुपया की इंतताम कर उसे रोहित सिंह को वापस कर देंगे।

### बांग्लादेश को म्यांमार का करारा जवाब

**यंगून।** म्यांमार की नौसेना ने अपने सबसे बड़े युद्धपोत किंग थालुन को समुद्र में उतारा है। इसे 24 दिसम्बर को म्यांमार के 77वें नौसेना दिवस के दिन लॉन्च किया गया। थानलिन में नेवी डॉकयॉर्ड मुख्यालय में हुए इस समारोह में म्यांमार के कमांडर-इन-चीफ ऑफ डिफेंस वरिष्ठ जनरल मिन आंग हलिंक के साथ उच्च अधिकारी शामिल हुए। इसी कार्यक्रम में दो 63 मीटर एंटी सबमरीन विध्वंसक जहाजों को शामिल किया है।

म्यांमार ने अपने युद्धपोतों को ऐसे समय में लॉन्च किया है, जब हाल ही में पड़ोसी बांग्लादेश के साथ टकराव की घटनाएं हुई हैं।

## 47 नगर निकायों से 590 करोड़ रुपये प्रॉपर्टी टैक्स वसूली का था लक्ष्य

# राज्य के नगर निकायों ने टैक्स के रूप में वसूले 93 करोड़ रुपये

राजस्व वसूली

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के नगर निकायों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में लोकसभा और राज्य विधान सभा चुनाव होने के बाद भी टैक्स के रूप में 93 करोड़ रुपये की वसूली की है। हालांकि सरकार ने सूबे के 47 नगर निगम, नगर पंचायत और नगर परिषद से प्रॉप्रट्री टैक्स के रूप में 590 करोड़ 43 लाख 68 हजार 229 रुपये टैक्स वसूलने का लक्ष्य रखा है लेकिन नगर निकाय इसमें पीछे रह गये। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार चार करोड़ 50 लाख 49 हजार 825 रुपये रिबेट के रूप में दिये गये हैं, जबकि पेनाल्टी के रूप में सात करोड़ 64 लाख 60 हजार 577 रुपये की वसूली की गयी है। अभी 499 करोड़ 81 लाख 11 हजार 264 रुपये की वसूली की जानी है।

### किस नगर निकाय ने वसूले कितने पैसे

| नगर निकाय का नाम | वसूली की राशि |
|---|---|
| आदित्यपुर नगर निगम | 8,75,95,793 |
| बासुकीनाथ नगर पंचायत | 47,18,164 |
| विश्रामपुर नगर परिषद | 1,68,83,327 |
| बुंडू नगर पंचायत | 60,51,097 |
| चाईबासा नगर परिषद | 82,59,999 |
| चक्रधरपुर नगर परिषद | 1,44,71,792 |
| चास नगर निगम | 7,32,55,912 |
| चतरा नगर परिषद | 2,23,24,284 |
| चिरकुंडा नगर पंचायत | 1,61,40,108 |
| देवघर नगर निगम | 11,07,04,435 |
| दुमका नगर परिषद | 1,67,99,434 |
| गढ़वा नगर परिषद | 3,12,24,613 |
| गिरिडीह नगर निगम | 7,60,25,611 |
| गोड्डा नगर परिषद | 1,53,23,510 |
| गुमला नगर परिषद | 1,65,04,256 |
| हजारीबाग नगर निगम | 9,55,09,170 |
| हुसैनाबाद नगर पंचायत | 60,21,679 |
| जामताड़ा नगर पंचायत | 1,30,14,129 |
| झुमरी तिलैया नगर परिषद | 10,12,77,926 |
| जुगसलाई नगर परिषद | 3,11,87,910 |
| खूंटी नगर पंचायत | 1,12,88,028 |
| कोडरमा नगर पंचायत | 2,80,46,316 |
| लातेहार नगर पंचायत | 1,17,72,390 |
| लोहरदगा नगर परिषद | 1,66,56,537 |
| मधुपुर नगर परिषद | 92,87,250 |
| मानगो नगर निगम | 18,88,74,056 |
| मझिआंव नगर पंचायत | 51,17,780 |
| मेदिनीनगर नगर निगम | 7,32,40,707 |
| मिहिजाम नगर परिषद | 1,17,81,537 |
| पाकुड़ नगर परिषद | 1,35,90,002 |
| फुसरो नगर परिषद | 2,18,33,551 |
| राजमहल नगर पंचायत | 18,82,979 |

### टैक्स वसूली में नगर निकाय निर्धारित लक्ष्य से रहे पीछे

| नगर निकाय का नाम | वसूली की राशि |
|---|---|
| रामगढ़ नगर परिषद | 4,47,69,278 |
| साहेबगंज नगर परिषद | 1,69,32,239 |
| सरायकेला नगर पंचायत | 94,51,096 |
| सिमडेगा नगर परिषद | 82,98,345 |
| चाकुलिया नगर पंचायत | 62,06,039 |
| कपाली नगर परिषद | 1,24,70,671 |
| डोमचांच नगर पंचायत | 19,97,680 |
| बड़हरवा नगर पंचायत | 39,41,865 |
| छत्तरपुर नगर पंचायत | 6,03,556 |
| धनवार नगर पंचायत | 31,80,813 |
| हरिहरगंज नगर पंचायत | 1,27,63,540 |
| बरकीसराय नगर पंचायत | 38,19,913 |
| महगामा नगर पंचायत | 25,06,198 |
| धनबाद नगर निगम | 368,09,99,354 |

# पथ निर्माण विभाग में प्रमोशन डेट से जूनियर इंजीनियर बनेंगे एई



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट (आरसीडी) में जूनियर इंजीनियर (जेई) पद पर नियुक्त कर्मियों को वरीयता सूची के आधार पर प्रोन्नति नहीं दिए जाने से संबंधित याचिका की सुनवाई की। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने विक्रम मंडल एवं अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें उस तिथि से प्रोन्नति देने का आदेश रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट को दिया है, जिस तिथि से वरीयता सूची में उनसे कनीय अधिकारियों को प्रमोशन दिया गया था। कोर्ट ने प्रार्थियों को अन्य सारे वित्तीय लाभ भी देने का निर्देश दिया है। विभाग के 18 सितंबर 2023 को प्रार्थियों के संपत्ति विवरण एवं सर्विस रिकॉर्ड नहीं मिलने का हवाला देते हुए उनके प्रमोशन संबंधी दावे को खारिज किए जाने के सकारण आदेश को कोर्ट ने रद्द कर दिया। प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अमरेंद्र प्रधान ने पैरवी की।

दरअसल, प्रार्थियों का कहना था कि रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट ने 13 नवंबर 2019 को वरीयता सूची जारी की थी। जिसमें वह वरीयता में ऊपर थे, लेकिन उनके कनीय को प्रोन्नति दे दिया गया और उन्हें नहीं दिया गया। बता दें कि जेपीएससी की डिपार्टमेंटल प्रमोशन कमेटी की 14 मार्च 2023 को एक बैठक हुई थी। जिसमें जेपीएससी ने प्रार्थियों के कनीय को प्रोन्नति देने की अनुशंसा की थी। जिसके आलोक में वरीयता सूची में कनीय रहने वालों कई जूनियर इंजीनियर को अस्सिटेंट इंजीनियर में प्रमोशन दिया गया था।

विभाग की ओर से प्रार्थियों के द्वारा संपत्ति विवरणी नहीं देने, सर्विस बुक नहीं मिलने, सीआर अपडेट नहीं होने आदि का हवाला देते हुए सकारण आदेश पारित करते हुए 5 अप्रैल 2023 को प्रार्थियों के प्रोन्नति संबंधी आवेदन को खारिज कर दिया था। जिसे प्रार्थियों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इससे पूर्व भी प्रार्थियों की ओर से एक रिट याचिका दाखिल की गई थी, जिस पर हाई कोर्ट ने आदेश दिया था कि अगर वरीयता सूची में कनीय लोगों को प्रोन्नति दी गयी है तो सकारण आदेश पारित करते हुए प्रार्थियों के संबंध में भी 8 सप्ताह में निर्णय ले।

हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में 5 अप्रैल 2023 को प्रार्थियों के द्वारा अपने प्रमोशन को लेकर दिए विभाग में आवेदन दिया गया था। हाई कोर्ट ने विक्रम मंडल, अनिल कुमार सोरेन, किशोर कुमार मुरमू, बिंकोस खेस, सुशील मिंज, धन्या जेठा होरो की याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें प्रोन्नति देने का आदेश दिया है। इनकी नियुक्ति वर्ष 2012 में रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट में जूनियर इंजीनियर के पद पर हुई थी।

# झारखंड में फ्लैटों के निबंधन कराने का चलेगा अभियान

### राजस्व उगाही को लेकर सरकार सक्रिय, बिल्डरों पर गिरेगी गाज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में अनिबंधित फ्लैटों के निबंधन के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा। इसके लिए स्थानीय नगर निकाय से समन्वय करके अपार्टमेंटों की सूची तैयार की जा रही है, और यह देखा जा रहा है की इन अपार्टमेंटों में से कितने फ्लैटों का रजिस्ट्रेशन अब तक नहीं हुआ है। ऐसे फ्लैटों को चिंहित किया जायेगा और इनके ऑनर से समन्वय करते हुए इनका निबंधन सुनिश्चत कराया जायेगा। निबंधन विभाग ने फ्लैटों की सूची तैयार करके निबंधन कार्य में तेजी लाने का निर्देश भी सभी निबंधन पदाधिकारियों को दिया है।

बताते चलें कि दो वित्त वर्षों से फ्लैटों के निबंधन में सुस्ती देखी जा रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में भी धनबाद, रांची ग्रामीण, गिरिडीह, गढ़वा एवं जामताड़ा जिला में विगत वर्ष 2022-23 से कम संख्या में फ्लैट का निबंधन हुआ था। पूरे मामले में भू-राजस्व सचिव ने निबंधन बढ़ाने का निर्देश अधिकारियों को दिया था। साथ ही जनता को निबंधन कार्यालयों में प्रक्रियाओं से अवगत कराने के लिए भी हेल्प डेस्क संचालित करने को कहा है, ताकि इस वित्त वर्ष के अंत तक निबंधन कार्य में तेजी आये। निबंधनार्थियों को ऑनलाइन निबंधन प्रक्रिया, ऑनलाइन मुद्रांक शुल्क, निबंधन शुल्क भुगतान की प्रक्रिया आदि की जानकारी दी जायेगी, इसके लिए लिपिक व कंप्यूटर ऑपरेटरों को भी समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# देश के लिए आर्थिक उदारीकरण के बेहतरीन शिल्पकार रहे डॉ मनमोहन सिंह : प्रदीप यादव

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के पश्चात शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। आयोजित श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि मनमोहन सिंह ने अपने कार्यकाल में भारत के भविष्य को लेकर एक लंबी रेखा खिची थी। आज उसी के बदौलत देश के विकास में नये नये अयाम गढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह, राजनीति और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में एक विशाल व्यक्तित्व थे, जिनके योगदान ने देश को रूपांतरित किया और उन्हें विश्वभर में सम्मान प्राप्त हुआ। 1990 के दशक के प्रारंभ में वित्त मंत्री के रूप में डॉ. सिंह भारत के आर्थिक उदारीकरण के शिल्पकार थे। अपनी अद्वितीय दूरदृष्टि के साथ, उन्होंने ऐसे सुधारों की शुरूआत की जिन्होंने न केवल देश को संकट से उबारा, बल्कि वैश्विक बाजारों के लिए द्वार भी खोले। उनके द्वारा किए गए विनियमन, निजीकरण और विदेशी निवेश को बढ़ावा देने वाले नीतिगत कदमों ने भारत के तेजी से विकास की नींव रखी। उनके नेतृत्व में, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया, जो उनकी प्रतिभा और दृष्टिकोण का प्रमाण है। उनका दृष्टिकोण और कार्यकाल एक ऐसे सहानुभूतिशील, सुधारक नेता के रूप में इतिहास में अंकित रहेगा, जिन्होंने स्थिरता और विकास को प्राथमिकता दी।

श्रद्धांजलि देनेवालों में प्रदीप यादव, ममता देवी, रविन्द्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, शाहजादा अनवर, जय शंकर पाठक, कुमार गौरव, राकेश सिन्हा, अभिलाष साहु, राकेश किरण महतो ,अमुल्य नीरज खलखो, सोनाल शांति, डॉ. एम तौसिफ, राजन वर्मा, शशि भूषण राय, नेली नाथन, जगदीश साहु, हृदयानंद यादव, राजेश गुप्ता, आलोक दूबे, नंद लाल शर्मा, के.के गिरि, जितेन्द्र त्रिवेदी, प्रभात कुमार, वशिष्ट लाल पासवान, संजय कुमार, सुरेन राम, अजय सिंह, हुसैन खान, उमर खान, दिनेश लाल सिन्हा, राजीव प्रकास चैधरी, राजू राम, शकिल अख्तर अंसारी, ऐनुल हक, अमरेन्द्र सिंह, मनोज सहाय पिंकू, सुनील सिंह, छोटू सिंह, फिरोज रिजवी, प्रीति सहाय, नरेन्द्र लाल गोपी, राजेश चंद्र राजू, मोहम्मद टूना, प्रवेज खान, विनोद कुमार सिंह, रामानंद केशरी आदि थे।

# प्लीडर कमिश्नर को साक्ष्य एकत्र करने के लिए नियुक्त नहीं किया जा सकता: हाईकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने सर्वेक्षण आयुक्त नियुक्त करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को खारिज करते हुए फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को खारिज करते हुए इस बात पर जोर दिया कि आयुक्त की नियुक्ति का उद्देश्य साक्ष्य एकत्र करना नहीं है, बल्कि उन मामलों को स्पष्ट करना है, जो स्थानीय प्रकृति के हैं और जिन्हें केवल मौके पर स्थानीय जांच द्वारा ही किया जा सकता है।

दरअसल देवघर सिविल कोर्ट में एक भूमि विवाद से जुड़े मामले में मुकदमा दायर किया गया। जिसके तहत उन्होंने भूमि के कुछ भूखंडों पर वादी के टाइटल की घोषणा करने कथित अनधिकृत कब्जेदारों के रूप में प्रतिवादियों से कब्जा वापस लेने और एक स्थायी निषेधाज्ञा प्राप्त करने की मांग की थी। इस मामले की सुनवाई के दौरान देवघर सिविल कोर्ट ने पिछले वर्ष भूमि के सर्वे के लिए प्लीडर कमिश्नर की नियुक्ति का आदेश दे दिया, जिसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा प्लीडर कमिश्नर की नियुक्ति के लिए आवेदन में ही आवेदक ने यह उल्लेख नहीं किया कि वह किस उद्देश्य से सर्वेक्षण आयुक्त की रिपोर्ट मांगना चाहता है। ट्रायल कोर्ट का कोई निष्कर्ष नहीं है कि सर्वेक्षण आयुक्त की रिपोर्ट दोनों पक्षों के संबंधित दावों की सही और न्यायसंगत सराहना के लिए कैसे आवश्यक थी। लेकिन हाईकोर्ट ने यह पाया कि मुकदमे की संपत्ति की पहचान और स्थान के संबंध में पक्षों के बीच कोई विवाद नहीं है, इसलिए जिस आदेश के तहत ट्रायल कोर्ट ने आवेदन को अनुमति दी है।

## ई-कल्याण छात्रवृत्ति पर आदिवासी कल्याण आयुक्त ने एक्स पर लिखी अपनी बात

# राज्य में दो चुनाव हुए फिर भी 39 लाख विद्यार्थियों को दिया गया स्कॉलरशिप

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अदिवासी कल्याण आयुक्त अजयनाथ झा ने ई-कल्याण छात्रवृत्ति पर अपनी बात रखी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा है कि वर्ष 2024 में दो चुनावों के बावजूद प्री और पोस्ट मैट्रिक के लिए 39 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति मिली है। जिसमें प्री मैट्रिक के 35,09,863 और पोस्ट मैट्रिक में 4,89,765 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। प्री मैट्रिक के शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए भी 18,08,878 छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति मिल चुकी है।

**सत्र को पूरी तरह नियमित करने का किया जा रहा प्रयास** : कल्याण आयुक्त ने लिखा है कि अगर शैक्षणिक सत्र और भुगतान को देखें तो यह याद रखना चाहिए कि 2022-23 में छात्रवृत्ति की ई-कल्याण पोर्टल पोस्ट मैट्रिक के लिए नहीं खुली थी और प्री मैट्रिक का भुगतान दिसंबर 2022 में शुरू हुआ। इस तरह ई कल्याण एक शैक्षणिक सत्र पीछे हो गया था। इसे 2023-24 में और 2024-25 में पूरी तरह नियमित किये जाने का प्रयास किया जा रहा है।

**प्री मैट्रिक के लिए उपलब्ध है आवंटन** : प्री मैट्रिक के लिए स्कूली शिक्षा विभाग के विद्यालयों से आवेदन प्राप्त होते हैं और 2024-25 के लिए विद्यालयों से 28 लाख आवेदन आए हैं जिसमें से 18,08,878 छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति मिल चुकी है। प्री मैट्रिक के लिए आवंटन उपलब्ध है जिलों को निर्देश दिए गए हैं कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 की समाप्ति से पहले और भी जितने आवेदन प्राप्त हों उन सभी का सम्पूर्ण भुगतान सम्पन्न कर दें।

### 4,89,765 पोस्ट मैट्रिक छात्र-छात्राओं को हो चुका है भुगतान



2023-24 में 4,89,765 पोस्ट मैट्रिक छात्र छात्राओं को भुगतान हो चुका है। पिछड़ा वर्ग के लगभग 91 हजार छात्रों को भुगतान अभी किया जाना है, जिसके लिए माननीय मंत्री के अनुमोदन से 157 करोड़ राशि विभाग द्वारा उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है। शेष किसी भी मामले में आवंटन की तत्काल कोई कमी नहीं है।

# नए साल में कोल इंडिया चेयरमैन सहित अनुषंगी कंपनियों के नौ आला अफसर होंगे सेवानिवृत्त



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** साल 2025 में कोल इंडिया और अनुषांगिक कंपनियों के नौ आला अफसर रिटायर हो जाएंगे। जनवरी में 31 जनवरी को साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा सेवानिवृत्त हो रहे हैं। सीएमडी के तौर पर डा. मिश्रा का कार्यकाल 19 अगस्त, 2023 को खत्म हो गया था। उनका कार्यकाल 31 जनवरी, 2025 तक बढ़ाया गया था। इसके बाद 31 मई, 2025 को कोल इंडिया के निदेशक (व्यवसाय विकास) देबाशीष नंदा सेवानिवृत्त होंगे। इसी तिथि पर एनसीएल के निदेशक (तकनीकी) जितेन्द्र मलिक रिटायर हो जाएंगे। वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी) अनिल कुमार सिंह 31 जुलाई, 2025 को सेवानिवृत्त होंगे। बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता एवं निदेशक (वित्त) राकेश कुमार सहाय का कार्यकाल 31 अगस्त, 2025 को खत्म हो रहा है यानी दोनों अधिकारी रिटायर हो जाएंगे। 30 सितम्बर, 2025 को महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी, प्रोजेक्ट एवं प्लानिंग) जुगल बोराह सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन पीएम प्रसाद 31 अक्टूबर, 2025 को रिटायर हो जाएंगे। 31 अक्टूबर को ही सीएमपीडीआईएल के सीएमडी मनोज कुमार भी सेवानिवृत्त होंगे।

# डॉ मनमोहन सिंह का उदारीकरण की नीति ने भारतीय अर्थव्यवस्था को स्थायित्व प्रदान किया : राजेश ठाकुर

### झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने डॉ मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर का दर्शन कर श्रद्धांजलि दी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर डॉ मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर के दर्शन के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि डॉ मनमोहन सिंह के नेतृत्व में आरटीआई, राइट टू सर्विस और मनरेगा जैसी योजनाओं को लागू करने के प्रयासों को पूरे देश ने सराहा। उदारीकरण की नीति और आर्थिक संकट से उबारने की उनकी रणनीति ने भारतीय अर्थव्यवस्था को स्थायित्व प्रदान किया। वैश्विक मंदी के समय जब पूरी दुनिया आर्थिक चुनौतियों से जूझ रही थी, तब उन्होंने न सिर्फ भारत की अर्थव्यवस्था को संभाला बल्कि इसे मजबूत बनाया। वित्त मंत्री के रूप में उनकी भूमिका ने देश को एक नई दिशा दी। उन्होंने आर्थिक नीतियों को रोजगार उन्मुख बनाया और गरीबों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए उनकी जीवन स्थिति में सुधार लाने का काम किया। उनके सादगीपूर्ण राजनीतिक आचरण ने दिखाया कि एक उच्च राजनेता संवेदनशील और जनहितकारी भी हो सकता है। प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल ने भारत को न केवल आर्थिक रूप से स्थिर रखा बल्कि वैश्विक स्तर पर भी उसकी साख बढ़ाई।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि उनके कार्यकाल में देशवासी भयमुक्त और आर्थिक रूप से संतुष्ट महसूस करते थे। उनकी कुशलता और दूरदृष्टि के कारण देश ने वित्तीय मजबूती का अनुभव किया और उनकी उपलब्धियां आज भी प्रेरणा स्त्रोत बनी हुई हैं। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने उनकी आर्थिक नीतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वैश्विक आर्थिक मंदी के कठिन समय में उन्होंने भारत को न केवल सुरक्षित रखा, बल्कि इसे मजबूती के साथ आगे बढ़ाया।

कांग्रेस विधायक दल के उप नेता नेता राजेश कच्छप एवं विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह की सादगी को न केवल राजनेताओं ने बल्कि आम नागरिकों ने भी सराहा। संसद में कई बार उनसे चर्चा का अवसर पाने वाले नेताओं ने उनकी व्यक्तिगत गरिमा और कार्यशैली को याद किया। झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने कहा कि मनमोहन सिंह ने राजनीति करते समय 'नीति' न भूलने की सीख दी, जो उनकी सहजता और गहन सोच को दशार्ती है। उनके पूरे परिवार और उनके व्यक्तित्व ने लोगों पर गहरी छाप छोड़ी।

# झारखंड में नक्सलियों के पतन से बूढ़ा पहाड़ में पहली बार फहरा झंडा

### वर्ष 2024 नक्सलियों के लिए संकट का वर्ष रहा

सत्येन्द्र



**रांची।** झारखंड पुलिस के सक्रियता के बदौलत नक्सलियों के लिए वर्ष 2024 काफी उतार चढ़ाव भरा रहा। वर्ष 2024 के दौरान झारखंड में नक्सलियों के समानातंर शासन व्यवस्था का पतन हुआ। खासकर का नक्सलियों का गढ़ माना जानेवाला लातेहार जिला में 20 से अधिक नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई। वहीं 5 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किए। माओवादी नक्सली छोटू खरवार की हत्या के बाद लातेहार में माओवादी संगठन अंतिम स्टेज में पहुंच गया।

दरअसल, वर्ष 2024 में झारखंड के अति नक्सल प्रभावित बूढ़ा पहाड़ के इलाके में पहली बार लोगों ने गणतंत्र दिवस मनाया। तत्कालीन एसपी अंजनी अंजन के प्रयास से बूढ़ा पहाड़ का इलाका पूरी तरह नक्सली मुक्त हुआ और यहां गणतंत्र दिवस के अवसर पर पहली बार झंडोतोलन भी हुआ। पहली बार गणतंत्र दिवस मना कर बूढ़ा पहाड़ के आसपास रहने वाले लोगों ने लोकतंत्र के सही मतलब को भी जाना।

### झारखंड में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ लोकसभा और विधानसभा का चुनाव

झारखंड के लिए वर्ष 2024 एक बड़ी उपलब्धि भर रहा। इस वर्ष पूरे प्रदेश में हुए लोकसभा और विधानसभा चुनाव नक्सलियों के दबी-कुचली मौजूदगी के बावजूद शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। बूढ़ा पहाड़ और पारसनाथ के इलाके में जहां कभी मतदान की कल्पना भी नहीं की जाती थी, उस इलाके में भी लोगों ने जमकर मतदान किया। लोकतंत्र के महापर्व में जिस प्रकार बूढ़ा पहाड़ के इलाके में रहने वाले लोगों ने अपने हिस्सेदारी निभाई, उससे नक्सलियों के लेकर झारखंड के माथे पर लगा कलंक काफी हद तक मिट गया।

### अपराधियों का रहा तांडव

वर्ष 2024 में नक्सलियों का पतन तो हुआ, पर अपराधियों ने अपना पांव पसारना आरंभ कर दिया। पूरे साल अपराधियों के द्वारा हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया गया। अपराधियों के टारगेट में कोयला व्यवसाय रहा। इस वर्ष अपराधियों ने कई घटनाओं को अंजाम दिया। हालांकि पुलिस के द्वारा कई अपराधियों की गिरफ्तारी भी की गई, पर अपराधिक घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पाया।

### कई नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण तो कई की हुई गिरफ्तारी

वर्ष 2024 झारखंड में नक्सलियों के लिए पतन का साल रहा। राज्य में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस के द्वारा की जा रही लगातार कार्रवाई का असर भी साफ-साफ दिखा। नक्सल प्रभावित कोलहान, पलामू में पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई ने नक्सलियों को संभलने का मौका नहीं दिया। जिसका परिणाम रहा कि नक्सली इधर-उधर भगते रहे या अपनी जाने बचाने के लिए पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण करने के लिए बाध्य हो गये। फरवरी माह में माओवादी नक्सली लालदीप ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। वह 10 लाख रुपए का इनामी नक्सली था। लालदीप आत्मसमर्पण से माओवादियों को बड़ा झटका लगा। इसके तुरंत बाद फरवरी माह में ही जेजेएमपी के जोनल कमांडर मनोहर परहिया और दीपक भुईयां ने भी पुलिस का समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। मनोहर 10 लाख रुपए का इनामी नक्सली था। इसके अलावे भाकपा माओवादी संगठन के जोनल कमांडर नीरज सिंह खरवार और सालमन गंझु ने भी पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण कर दिया था।

इतना ही नही पुलिस की सक्रियता से नक्सल प्रभावित लातेहार में इस वर्ष 20 से अधिक नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई। माओवादी नक्सली कमांडर नागेश्वर भोक्ता उर्फ नेशनल गंझु इसी वर्ष जून में गिरफ्तार हुआ। इस नक्सली पर 5 लाख रुपए का इनाम घोषित था। इसे गारू थाना क्षेत्र के मिर्चाइया जंगल से गिरफ्तार किया गया है। जून में ही टीएसपीसी नक्सली संगठन के 7 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया।

जुलाई माह में जेजेएमपी नक्सली संगठन के 6 नक्सलियों को पकड़ा गया। सितंबर में पीएलएफआई के तीन नक्सली को गिरफ्तार किया गया। वहीं अक्टूबर में शिवराज सिंह को गिरफ्तार कर लिया। नक्सली शिवराज 5 लाख रुपए का इनामी था। नवंबर में हेरहंज से दो नक्सली गिरफ्तार हुए।

## स्पीड न्यूज

### निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं : विधायक



**पांकी पलामू।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने शनिवार को पांकी विस क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए। इस दौरान पांकी के तेतराई नहर से बितीया डंडार तक बन रहे कालीकरण पथ का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता भी जांची। विधायक ने निर्माण कार्य करा रहे संवेदक को स्पष्ट रूप से कहा कि योजनाओं को धरातल पर उतारने में काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। ऐसे में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, मिंटी चंद्रवंशी, सुनील कुशवाहा, नागेंद्र सिंह, सुनील प्रसाद गुप्ता, संतोष वर्मा भी थे।

### सीबीएसई के आर्यभट्ट गणित चैलेंज में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल का परचम




**मेदिनीनगर।** सीबीएसई द्वारा आयोजित आर्यभट्ट गणित चैलेंज द्वितीय चरण की परीक्षा में पटना जोन के अंतिम 100 में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल दो छात्रों ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। नौवीं के पीयूष कुमार एवं सूरज गुप्ता द्वितीय चरण में उत्तीर्ण कर 100 विद्यार्थियों में जगह बनाकर मेरिट सर्टिफिकेट प्राप्त करने में सफल हुए। विद्यालय के निदेशक सह पांकी विधायक डॉ एसबीपी मेहता एवं प्राचार्य डॉ एके सिंह दोनों ने बच्चों की सफलता पर शुभकामनाएं दी। इसे विद्यालय के लिए यह गर्व की बात बतायी। ऐसे प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से शिक्षार्थियों की छिपी प्रतिभा पहचानने में मदद मिलती है।

### पांकी : 10 एकड़ में लगी पोस्ता नष्ट



**पांकी।** पोरसम में 10 एकड़ में लगी पोस्ते की फसल को पांकी पुलिस ने नष्ट कर दिया। पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन के नेतृत्व में चले अभियान में पुलिस ने गांव के इर्द गिर्द लगे खेतों में पोस्ते की फसलों को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्ते की खेती करने व कराने वालों को चिह्नित किया जा रहा है। उनपर कार्रवाई होगी।

### स्वास्थ्य सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य हुसैनाबाद में इसकी जरूरत : लक्ष्मण

- जपला दाता नगर में खुला दीक्षांत हॉस्पिटल, संयुक्त बिहार के भूतपूर्व मंत्री ने किया उद्घाटन



**हुसैनाबाद पलामू।** स्वास्थ्य सेवा सबसे बड़ा पुण्य का काम है, डॉक्टर मानवता का परिचय दें। जीवन मे इससे बड़ा मदद कोई नहीं कर सकता। आज के जमाने मे सबसे महंगा शिक्षा और चिकित्सा हो गया है तो मानव और मानवता के लिए चिंता का विषय है। हुसैनाबाद एक ग्रामीण व कृषि निर्भर क्षेत्र है यहां बेहतर चिकित्सालय की बहुत जरूरत है। ऐसे हॉस्पिटल से जपला तथा आसपास के लोगों को लाभ मिलेगा और आर्थिक सहायता भी मिलेगी। उक्त बातें संयुक्त बिहार सरकार के भूतपूर्व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मण राम ने कही। वे शनिवार को जपला शहर के हैदरनगर रोड दाता साहेब के सामने दीक्षांत हॉस्पिटल का उद्घाटन किये। मौके पर डॉ देशराज गहलोत, दिनेश पासवान, सत्यम पटेल, लालन पासवान, कविता कुमारी, शोभा कुमारी भी मौजूद थीं।

### मानव सेवा ही मानव कर्तव्य : चंद्रबली



**मेदिनीनगर।** आम आदमी पार्टी के बैनर तले रामगढ़ प्रखंड के सरहुआ पंचायत में वस्त्र वितरण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान सरहुआ पंचायत में कोरबा, परहिया जनजाति समुदाय के वृद्ध, महिला व बच्चों के बीच गर्म वस्त्र बांटा गया। मौके पर आप नेता चंद्रबली चौबे ने कहा कि पलामू में अत्यधिक कनकनी के साथ ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। इसे ध्यान में रख वस्त्र वितरण कार्यक्रम किया गया है। पलामू जिला में कई गरीबों की जान ठंड लगने के कारण चली जाती है। इसलिए पार्टी ने निर्णय लिया कि जन कल्याण के लिए गरीब, असहाय लोगों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया जाये। कहा कि मानव की सेवा करना ही मानव का कर्तव्य होना चाहिए। मौके पर किशोर सिन्हा, संजय राम, मिस्टर जी आदि मौजूद थे।

### वित्त मंत्री को पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन



**हुसैनाबाद पलामू।** जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड सरकार के वित्त मंत्री व संसदीय मंत्री राधाकृष्ण किशोर को ज्ञापन सौंपा। संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि हम लोगों ने माननीय मंत्री को किसानों से संबंधित समस्याओं के निदान को लेकर ज्ञापन सौंपा है। इसमें लिखा है कि सभी पैक्सों को सुदृढ़ करने के लिए आर्थिक सहायता एवं पैक्स में कार्यरत ऑपरेटर, लेखापाल एवं अध्यक्षों को मानदेय लागू की जाए, पैक्स द्वारा धान अधिप्राप्ति कार्य के लिए कमीशन कम से कम 250 क्विंटल किया जाए, धान अधिप्राप्ति में पूरे पलामू में एक चावल मिल होने के चलते धान उठाव कराना असंभव है मील की संख्या बढ़ायी जाये। किसानों को पर्याप्त मात्रा में पूरे जिले में बीज उपलब्ध कराई जाए, पलामू जिला में बरसों से झारखंड कोऑपरेटिव बैंक की शाखा बंद हो जाने के कारण किसानों एवं पैक्स को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, पलामू में कोऑपरेटिव बैंक की स्थापना और शुरू करना इन सभी की प्रमुख मांग है। इन सभी बिंदुओं पर माननीय मंत्री से प्रतिनिधि मंडल ने पैक्स अध्यक्षों एवं किसानों की समस्या समाधान करने का आग्रह किया। प्रतिनिधि मंडल में अरविंद कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, सूरज दुबे, कृष्णा गिरी, बीरबल पांडे, राजू रंजन सिंह, शैलेंद्र चौधरी, अभिमन्यु सिंह सहित अन्य कई लोग शामिल थे।

# पैक्स अध्यक्ष से किसानों का शोषण बंद करवा कर कार्रवाई करे जिला प्रशासन

- विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने किसानों के शिकायत पर की धान केंद्रों का किया निरीक्षण
- धान अधिप्राप्ति केंद्र ताल एवं नुरू पैक्स अध्यक्ष को लगायी कड़ी फटकार
- किसानों का आरोप धान की खरीदारी में पांच किलो प्रति क्विंटल धान की हो रही है कटौती

**शिवशंकर पासवान**

**पांकी पलामू।** किसानों को धान का उचित मूल्य मिलें इसके लिए सरकार द्वारा धान क्रय खोला गया है। लेकिन धान केन्द्र में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही है। इसका खुलासा पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता द्वारा धान क्रय केंद्र के निरीक्षण के दौरान हुआ।



विधायक से किसानों ने शिकायत की था कि धान क्रय केंद्र प्रभारी प्रति क्विंटल पांच किग्रा धान की कटौती कर दे रहे हैं। इसकी शिकायत विधायक ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी से भी की है। विधायक ने जिला प्रशासन से पैक्स अध्यक्षों द्वारा किसानों के शोषण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है अन्यथा आंदोलन की भी चेतावनी दी है। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, मिंटी चंद्रवंशी, सुनील गुप्ता, राजेंद्र यादव, लक्ष्मण यादव, संजय यादव, बिंदेश्वरी यादव व कई लोग मौजूद थे।

> ताल पैक्स के अध्यक्ष शिव प्रसाद साव एवं नुरू धान क्रय केंद्र के पैक्स अध्यक्ष भोला गुप्ता द्वारा किसानों का शोषण किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं करेंगे। यदि आपको धान खरीद में लाभ नहीं दिख रहा है तो मत खरीदिये। लेकिन किसानों के धान क्रय में गड़बड़ी पर बख्शा नहीं जायेगा। सरकार ने अधिक दाम पर धान खरीद का वादा किया था लेकिन अभी तक पुराने दाम पर खरीदी जारी है। उसमें भी आधा मूल्य मिलता है। बाकी की कोई गारंटी नहीं है। बावजूद पांच किलो कटना धोखाधड़ी है। डीडीसी और डीएसओ तत्काल इसपर कार्रवाई करें, नहीं तो आंदोलन तय है।
> **-डॉ शशिभूषण मेहता, पांकी विधायक।**

विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने शनिवार को नुरु में खोले गए धान क्रय केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे तो केंद्र बंद था।

# निमियां जलापूर्ति योजना में प्लास्टिक पाइप न लगाये विभाग : अरुणा शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

मेदिनीनगर। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पंपुकल स्थित पानी टंकी का निरीक्षण किया। मौके पर श्रीमती शंकर ने पहले निगम के नगर आयुक्त को बधाई दी। कहा कि इन्होंने जनहित में एक साहसिक कदम उठाते हुए पीएचडी से शहरी जलापूर्ति योजना को निगम के अधीन ले लिया। फलस्वरूप वर्षों से खराब पड़ी पानी टंकी के सभी मोटर बन गये। पानी में बगैर फिटकरी डाले बिल्कुल स्वच्छ पानी अब शहर को मिल रहा है। पानी टंकी सप्लाई देखने के बाद जुडको द्वारा बनायी जा रही फेस टू योजना को उन्होंने देखा। कहा कि यह मेरे कार्यकाल की सबसे बड़ी योजना है। हर घर में शुद्ध जल पहुंचाना मेरा लक्ष्य था, जिसे पूर्व सीएम रघुवर दास के कैबिनेट से महापौर बनते ही हम सबने पारित करवाया था, जिसकी राशि आईडीबी से सांसद बी डी राम के प्रयास से उपलब्ध करायी गयी और आंशिक राशि राज्य सरकार के सहयोग से मिला था। जिसका कार्य तेजी से अब शुरू हो चुका है।




फेज टू जलापूर्ति योजना निगम क्षेत्र को 9 जोन में बांट कर किया जा रहा जिसमें पूर्व में बने पानी टंकी स्टेशन रोड, बीएन कॉलेज, जिला स्कूल, आईटीआई रांची रोड, बाईपास पीएचईडी पानी टंकी से सप्लाई दिया जायेगा। साथ ही चार नये पानी टंकी बनायी जा रही है जिसमें हाउसिंग कॉलोनी, आईटीआई मैदान (परशुराम मंदिर), चैनपुर ब्लॉक एवं सर्किट हाउस से पूरे शहर को पानी दिया जायेगा। पाइप लाइन बिछना शुरू हो चुका है मुझे विश्वास है कि एक वर्ष में अधिकांश कार्य पूर्ण कर लिये जायेंगे। उन्होंने निमियां जलापूर्ति योजना जो पहले ग्रामीण योजना थी के कार्यों की धीमी गति पर दुख व्यक्त किया। साथ ही कहा कि इस योजना में प्लास्टिक पाइप लगाने की योजना है जिसे तुरंत बदल कर लोहा पाइप जो फेज टू में लग रहा है उसे ही पीएचइडी को लगाना चाहिए। प्रथम महापौर ने कहा कि निमिया, बैरिया में सबसे ज्यादा पानी की किल्लत है अगर एचडीपी पाइप बदल कर लोहा पाइप नहीं लगाया गया तो वहां की जनता पुनः पानी के लिए परेशान रहेगी।

## एम के इंटर कॉलेज के निरीक्षण में सफाई न होने पर भड़के विधायक, कहा

# सफाई की जिम्मेवारी ले कॉलेज परिवार, पढ़ाई पर भी रखें ध्यान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी पलामू।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने शनिवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान पाकी प्रखंड क्षेत्र के डंडार मजदूर किसान इंटर कालेज में पहुंच गये। विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कालेज के कंप्यूटर लैब, विद्यार्थियों का उपस्थिति पंजी आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट रूप से दिखा कि कालेज में नियमित रूप से साफ सफाई नहीं किया जाता है। चारों तरफ गंदगी फैली थी। इस पर विधायक ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्या का मंदिर है। जिस तरह एक मंदिर साफ सुथरा रखा जाता उसी तरह कॉलेज को साफ सुथरा रखना कॉलेज परिवार की जिम्मेदारी है। कॉलेज में विद्यार्थियों की भी नियमित उपस्थिति संतोषजनक नहीं थी। विधायक शशिभूषण मेहता ने कालेज के प्राचार्य अवध बिहारी सिंह एवं शिक्षकों को विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने के लिए बोलें।



इंटर कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंचे पांकी विधायक।

**खास बातें :** उन्होंने कहा कि यदि संभव हो तो विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अभिभावकों से भी संपर्क करें ताकि इलाके में शिक्षा का एक बेहतर वातावरण बनाया जा सके। विधायक ने प्राचार्य और शिक्षकों से अपील किया कि कालेज में ऐसा वातावरण बनाएं जिस तरह पहले के शिक्षकों के प्रति विद्यार्थियों का जो सम्मान था वह आज भी बरकरार रहें। विधायक ने प्राचार्य एवं शिक्षकों के साथ बैठक कर कालेज के विकास पर विस्तार से चर्चा किया एवं उनकी समस्याओं को भी सुना। मौके पर प्राचार्य अवधबिहारी सिंह, सुनील प्रसाद गुप्ता, मिंटी चंद्रवंशी, प्रो बच्चन ठाकुर, सुनील कुशवाहा मौजूद थे।

# भवन प्रमंडल विभाग की राज्य स्तरीय टीम ने जानी खरौंधा में पथ निर्माण की हकीकत

- **ग्रामीणों ने कहा :** जनहित में कराया गया है पथ निर्माण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** भवन प्रमंडल विभाग के राज्य स्तरीय टीम के द्वारा ग्राम खरौंधा में हमीद मियां के घर से केदार सिंह के घर तक बनाये गये पथ निर्माण का जांच किया गया। जांच टीम ने पाया कि भवन प्रमंडल विभाग द्वारा हमीद मियां के घर से केदार सिंह के घर तक लगभग 1200 फीट रोड का पीसीसी निर्माण कार्य किया गया था। खरौंधा ग्राम के हमीद मियां ने अपने रैयती जमीन में रोड निर्माण करने का आरोप लगाया था जिसके बाद भवन प्रमंडल विभाग के चीफ इंजिनियर देवाशीष लाहरी, अधीक्षण अभियंता विहारी प्रसाद, कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार ने ग्राम खरौंधा पहुंच कर रोड के गुणवत्ता को देखा। पथ निरीक्षण के दौरान पाटन सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव ने अपने अंचल कर्मी के साथ पहूंच कर जांच टीम को सहयोग किया। जांच में खरौंधा ग्राम के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। सभी लोगों ने जांच टीम को रोड निर्माण को सही बताया। साथ ही जांच टीम ने भी पथ निर्माण को सही हालत में पाया। ग्रामीणों ने जांच टीम को बताया कि यह रोड बहुत पुराना सर्वे का रोड है। इस रोड के बन जाने से पुरा गांव लाभान्वित है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के सिर्फ एक ग्रामीण हमीद अंसारी ही इस रोड का विरोध कर रहे हैं बाकी पुरा गांव के सहमति से सड़क का निर्माण कराया गया है। हमीद अंसारी ने पथ निर्माण में निजी जमीन जाने का आरोप लगाया था। वहीं जांच टीम ने बताया कि फिलहाल जांच जारी है। इस मौके पर सगुना पंचायत समिति सदस्य मुस्तकीम अंसारी भी उपस्थित थे।



पथ निर्माण की हकीकत जानने पहुंचे भवन प्रमंडल विभाग की राज्य स्तरीय टीम के सदस्य।

## डॉ मनमोहन सिंह के कार्यकाल को भुलाया नहीं जा सकता : राधाकृष्ण

- पूर्व पीएम के निधन पर इंडिया गठबंधन ने आयोजित की शोक सभा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** इंडिया गठबंधन ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के बाद होटल स्वागत देवगन मोड़ पर शोक सभा की, जिसमें वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, हुसैनाबाद विधायक संजय सिंह यादव, बिश्रामपुर विधायक नरेश यादव ने गहरा शोक व्यक्त किया। इस दौरान वित्त मंत्री ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान गरीबों के उत्थान के लिए कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता। यह देश मनरेगा से लेकर सूचना के अधिकार तक के कानून और राइट टू फूड से लेकर ऑपरेशन ग्रीन हंट तक तो उनके योगदान को नकारा नहीं जा सकता। आज हम सभी उनके कार्यकाल को स्वर्णिम काल के रूप में याद कर रहे हैं। मौके पर प्रशांत किशोर, रवि यादव, धनंजय पासवान, सुशील यादव, तनु यादव, कैलाश यादव, विनय पासवान, विकास यादव, निर्वतमान नगर अध्यक्ष मोहन जायसवाल, सरताज खान, पन्नू यादव, बसंत, यादव, कुर्बान अंसारी समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।



## इस्कॉन के तीन दिवसीय भागवत प्रवचन की पूर्व संध्या पर निकला नगर संकीर्तन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हरे कृष्ण प्रचार केंद्र गीता भवन इस्कॉन डालटनगंज ने तीन दिवसीय श्रीमदभागवत कथा सह प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भारत माता चौक स्थित संस्कृत कॉलेज प्रांगण में किया। इसके पूर्व शनिवार संध्या को भक्तों ने भव्य नगर संकीर्तन निकाली, जो शहर के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर समाप्त किया गया। अरबिंद सिंह ने बताया कि 29 से 31 दिसंबर तक सुबह एवं शाम में प्रतिदिन पांच से आठ बजे तक हरिनाम कीर्तन, भागवत प्रवचन व प्रश्नोत्तरी होगी। इसे सफल बनाने में वृंदावन, मायापुर एवं बद्रिका आश्रम गुरूकुल से सैकड़ों वैष्णव भाग लेंगे। यह कार्यक्रम डॉ केशवानंद प्रभुजी के सान्निध्य में होगा। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सुबह पांच बजे से नौ बजे तक मंगल आरती, दर्शन आरती, प्रवचन एवं महाप्रसाद बांटा जायेगा। वहीं शाम पांच बजे से नौ बजे तक हरिनाम, बैष्णव भजन, श्लोक वाचन, आध्यात्मिक ड्रामा का आयोजन किया जायेगा। केश्वानंद प्रभु द्वारा भागवत प्रवचन किया जायेगा।



## प्रखंड स्तरीय रबी कार्यशाला का आयोजन



**पाटन पलामू।** प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड स्तरीय रबी कार्यशाला आयोजित की गयी। जिसमें प्रखंड प्रमुख, बीएफएसी अध्यक्ष, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड सहायक तकनीकी प्रबंधक, जनसेवक, एचडीएफसी इरगो के को-ऑर्डिनेटर, प्रगतिशील कृषक, कृषक मित्र, ग्रामीण किसान उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने रबी फसल से संबंधित योजना की जानकारी एवं फसल में होनेवाली कीट प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ केंद्र एवं राज्य योजनाओं के बारे भी जानकारी दी। किसानों को उनके खेत की मिटट्ी जांच सर्टिफिकेट दिया गया। मौके पर पाटन प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ अमित झा, पश्चिम जिप सदस्य संग्राम सिंह उपस्थित थे।

## पाटन स्वास्थ्य केंद्र में किया गया 100 लोगों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन



**पाटन पलामू।** स्वास्थ्य केंद्र में 100 लोगों का रजिस्ट्रेशन कर मुफ्त मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया। जिसे डॉ धीरज प्रसाद नवादा, डॉ अमित कुमार नवादा के नेत्र विशेषज्ञ ने किया। कार्यक्रम में पाटन चिकित्सा प्रभारी श्रवण मेहता एवं सभी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे। श्री मेहता ने बताया कि आपरेशन 31 मार्च तक चलेगा। मरीजों का प्रतिदिन रजिस्ट्रेशन होगा। जिसके बाद नेत्र विशेषज्ञ ऑपरेशन करेंगे। मौके पर पाटन प्रमुख शोभा देवी, पाटन जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, पाटन सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव, राज्य प्रशिक्षक विरेन्द्र पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भूटान में होने वाले इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम के चार प्रतिभागी चयनित




**मेदिनीनगर।** भुटान में आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम विद्यालय के चार चयनित बाल कराटेकार रौनक कुमार, ओम प्रकाश, उज्जवल राज, अयान सिद्धकी हिस्सा लेगे। यह प्रतियोगिता निंजा स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल के तत्वावधान में 31 और 1 जनवरी 25 को फुंटशोलिग भुटान में किया जा रहा है। इस में भाग लेने के लिए बाल कराटेकार 29 दिसंबर को भुटान रवाना होंगे। उक्त जानकारी मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार ने दी। इसमें संत मरियम के कराटेकारों का चयनित होने की खबर सुन चेयरमैन अविनाश देव ने खुशी जाहिर की। कहा कि पूरे सामर्थ्य और दढ़ संकल्प के साथ कराटेकार देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी अपनी काबिलियत का लोहा मनवा रहे हैं।

## महिला-बच्चों की सुरक्षा एवं अधिकार के लिए एकजुट हों सभी संगठन : डीपीएम

- मिलकर काम करने से समाज में नयी चेतना का संचार होता है : डॉ तबरेज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** जेएसएलपीएस के कार्यालय में महिला एवं बाल अधिकार एवं सुरक्षा पर आधारित एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक की गयीं। जिसमें किशोर-किशोरियों के उत्थान के लिए यूनिसेफ द्वारा प्रशिक्षित संस्थानों को टूल किट दिया गया। यह टूल किट यूनिसेफ के निर्देश पर कार्य करने में सहायक साबित होगी। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस, एक्सआईएसएस, यूनिसेफ, पीसीआई इंडिया समेत पलामू जिले में कार्यरत प्रमुख सामाजिक संस्थाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जेएसएलपीएस की डीपीएम अनीता केरकेट्टा ने समाज में व्याप्त मूलभूत समस्याओं और उनकी रोकथाम के लिए सरकार व सामाजिक संगठनों की एकजुटता पर जोर दिया।



## महान अर्थशास्त्री और मृदुभाषी थे डॉ मनमोहन सिंह : उदय राम

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर एक शोक सभा की गयी। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। शोक सभा में मोर्चा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने डा मनमोहन सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मौके पर मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह बहुआयामी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे जो महान अर्थशास्त्री के साथ ही साथ सरल स्वभाव के मृदु भाषी व्यक्ति थे।

## कृषि विभाग ने 2200 फलदार इमारती पौधों का किया वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड के रबदा पंचायत के पिपराकला गांव में नमसा योजना के तहत शनिवार को करीब 2200 सौ फलदार और इमारती पौधा का वितरण कृषि विभाग के द्वारा किया गया। जिला कृषि कार्यालय आरकेभीवाई (आरएडी) 2024- 25 के तहत नेशनल मिशन ऑफ सस्टेनेबल के तहत पीपरा कला गांव में किसानों के बीच कार्यक्रम कर रबदा, पीपरा कला तथा कमारू गांव के 55 किसानों के बीच 40 अदद पौधा दिया गया। इस दौरान प्रखंड कृषि पदाधिकारी अरविंद कुमार, पलामू जिला आत्मा के परियोजना उपनिदेशक प्रवीण राज, मनिका विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव ने किसान जितेंद्र मेहता के खेत में आम का पौधा लगाकर पौधा लगाने और उसके रखरखाव की विधि बतायी।



# हुसैनाबाद में धड़ल्ले से बिक रही है संरक्षित चिड़िया बगेरी

**गौतम पटेल**

**हुसैनाबाद पलामू।** राज्य में प्रतिबंधित पंछियों को भारतीय वन्य जीव संरक्षण अधिनियम शेड्यूल-4 में इसे संरक्षण दिया गया है। लेकिन पलामू जिले के हुसैनाबाद में ये धड़ल्ले से खुलेआम चौक चौराहे पर बेची जाती हैं। शहर के शरीफ व रसूखदार लोग शौक से इसे खा रहे हैं।

इतना ही नहीं सरकारी बाबुओं भी जीभ भी पीछे नहीं है। झारखंड में आठ प्रजातियों की बगेरी पायी जाती है, जो अरहर के खेत, झाड़ी व खुले घांस में मिलती हैं। झारखंड के दो जिलों (हजारीबाग व पलामू) में सबसे अधिक लोग इसे खा रहे हैं। हाल ही में हजारीबाग के कई होटलों में बगेरी की मांस बिक्री व खाने वालों के खिलाफ अभियान चला था। लेकिन हुसैनाबाद में ये जेपी चौक, अंबेडकर चौक और बाजार में बेची जाती हैं।

- शरीफ शहरी लोग कर रहे भक्षण, वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की उड़ रही धज्जियां

**क्या शौक है इन पक्षियों के भक्षण में :** बगेरी पक्षी (लार्क) का मांस खाने के लिए लोग लालायित रहते हैं। इसे ऊंची कीमत देकर बहेलिया से खरीदते हैं। लोगों का कहना है कि बगेरी का मांस लजीज और शरीर को गर्मी देता है। कुछ रसूखदार इसे यहां से रांची व दिल्ली तक पार्सल कराते हैं। इतना ही नहीं उनकी यह बुरी आदत ने कबूतर, पेड़ूकी, हारिल व गौरैया जैसे प्रतिबंधित पक्षियों का भक्षण किया जा रहा है।




**क्या है सरकारी आदेश :** भारतीय वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के शेड्यूल-4 में इसे संरक्षण दिया गया है। इसे मारने, खरीद बिक्री करने व खाने पर आपको जेल हो सकती है। इसमें अधिकतम तीन साल की जेल और 25 हजार का जुर्माना या फिर दोनों दंड स्वरूप भुगतान करना पड़ सकता है।

**इन पक्षियों का पर्यावरण पर असर :** पक्षियों की अधिकांश प्रजातियां भोजन के लिए कीट पतंगों पर निर्भर हैं। इस प्रकार वे कीड़ों की तादाद पर नियंत्रण रखती हैं। यदि पक्षी न हों तो कीटों की संख्या जबरदस्त बढ़ सकती है जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान हो सकता है। पर्यावरण को साफ रखना- गिद्ध आदि अपमार्जक पक्षी मृत पशुओं के शवों को खाकर पर्यावरण में स्वच्छता बनाये रखने में बहुत मददगार होते हैं।

# सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने इंडिया क्रिकेट क्लब को दिया बैट-बॉल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा तथा अजय उरांव ने शनिवार को धावाडीह गांव के इंडिया क्रिकेट क्लब को बैट बाल देकर हौसला अफजाई किया। मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि विगत पांच वर्षों से निजी मद से खेल सामग्री का वितरण कर ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाडियों का हौसला बढ़ाते आ रहा हूं ताकि आने वाले दिनों में सतबरवा प्रखंड का खिलाड़ी देश और राज्य स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करे।वहीं उन्होने कहा कि खेल से शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है इसलिए खेल भी जरूरी है।वही अजय उरांव ने कहा कि विद्यार्थी खेल मे भी कैरियर बना सकते हैं जिसका उदाहरण महेंद्र सिंह धोनी है। मौके पर चंचल यादव, रूपदेव यादव, शब्बीर, निर्मल सिंह खिलाड़ी अमित कुमार, आकाश साव, प्रिंस कुमार, कौशल कुमार, मनीष कुमार मुखदेव यादव राजु यादव पवन यादव सीता राम दरोगी यादव धनंजय यादव अंकित यादव अनुप साव आशीष कुमार राहुल कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।



क्रिकेट क्लब को बल्ला और गेंद देते सामाजिक कार्यकर्ता व अन्य।

सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रविवार 29.12.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 248

epaper.khabarmantra.net

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

## सामाजिक कार्यकर्ता के नाम पर सिंदरी में रास्ते पर लगा चौधरी पथ का शिलापट्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** सामाजिक कार्यकर्ता दीपक चौधरी के आकस्मिक निधन पर उनकी याद में साथी क्लब सिंदरी के बगल के रास्ते का नाम चौधरी पथ रखा गया। शनिवार को उस चौक पर चौधरी पथ का शिलापट्ट लगाकर स्व दीपक चौधरी को स्थानीय लोगों ने सच्ची श्रद्धांजलि दी। शिलापट्ट का अनावरण अतिथियों द्वारा किया गया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश सिंह ने बताया कि स्व दीपक चौधरी ने कई सामाजिक काय्क्रमों का नेतृत्व किया था। भाजपा नेता रुपेश कुमार उर्फ मुन्ना मुखिया ने कहा कि दीपक चौधरी अभूतपूर्व व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने साथी क्लब दुर्गा पूजा के अध्यक्ष पद पर रहते हुए कई वर्षों तक पूजा को जारी रखा। इस अवसर पर अन्य कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम में पूर्व पार्षद सह भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश सिंह, रुपेश कुमार उर्फ मुन्ना मुखिया, अमित अग्रवाल, अजय कुमार, सुरेश प्रसाद, रोहित सिंह, पवन शर्मा, कामरान अख्तर, रासबिहारी सिंह, हरविंदर सिंह, राजीव मुखर्जी, कृष्णा, नुनूलाल टुडू, प्रसाद महतो, लोबेन हेम्ब्रम, विदेशी सिंह, बृजेश सिंह, दिलीप मिश्रा, राजबिहारी सिंह, सुरेश सिंह, उषा सिंह, गायत्री सिंह, इंदुबाला, सुषमा श्रीवास्तव सहित कई नागरिक मौजूद थे।

## समाजसेवी की पुण्यतिथि पर कंबल बांटे और कराया भोजन



**गोविंदपुर।** स्मार्ट सिटी निवासी पीडीआईएल के पूर्व अधिकारी समाजसेवी अशोक पासवान की पुण्यतिथि पर शनिवार को समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कमार्टांड़ फकीरडीह, कुरची एवं बांधडीह के जरूरतमंदों के बीच 500 कंबल वितरित किए गए। उन्हें भोजन कराया गया। निर्मला कुष्ठ अस्पताल के रोगियों को भी भोजन कराया गया। उनकी धर्मपत्नी अवकाश प्राप्त शिक्षिका मीरा रानी, समाजसेविका शकुंतला मिश्रा, कौशल कुमार, पुत्र अश्विनी कुमार, गौरव कुमार, अरूण कुमार, ओम प्रकाश पासवान, विवेकानंद पासवान, शांति पासवान, शेषनाथ प्रसाद, स्वेता कुमारी, वीणा कुमारी, खुशबू कुमारी, प्रतीक वर्मा, राजेंद्र सिंह, सुरेश सिंह आदि ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया और मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

## एक नजर में

### विजयवाड़ा मंडल में ब्लॉक के कारण अलेप्पी एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन

**धनबाद।** विजयवाड़ा मंडल के विजयवाड़ा–दुव्वाडा रेलखंड में टीआरटी कार्य एवं ब्लॉक के कारण गाड़ी संख्या 13351, धनबाद–अलेप्पी एक्सप्रेस के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। यह गाड़ी 28, 30, 31 दिसंबर तथा 02, 03 और 04 जनवरी को निदादावोलु–भीमावरम टाउन, गुड़ीवादा, विजयवाड़ा होकर जाएगी। उपरोक्त तिथि पर इस गाड़ी के ठहराव को टाडेपल्लीगुडम और इलुरू स्टेशनों पर से अस्थाई रूप से हटा दिया गया है।

### विधायक अरूप चटर्जी ने गोपीनाथपुर के वातावरण को विषाक्त बना दिया : अपर्णा



**मैथन।** गोपीनाथपुर ओसीपी प्रकरण में विधायक अरूप चटर्जी का चरित्र उजागर हो चुका है। उन्होंने निजी स्वार्थ के लिए गोपीनाथपुर प्रकरण में आग में घी डालकर कर वातावरण को विषाक्त बना दिया है। उक्त बातें ईसीएल मुगमा क्षेत्र के गोपीनाथपुर कोलियरी के ओसीपी में शनिवार को भाजपा द्वारा धरनास्थल पर आयोजित प्रेसवार्ता में पूर्व विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि विधायक ने जेपीसीएल कंपनी को लाने और उसके साथ एग्रीमेंट करने का काम खुद किया था, जबकि उस समय वह विधायक थी। आज वही कंपनी व मालिक उनकी नजरों में खराब हो गए। उन्होंने कहा कि सिक्युरिटी इंचार्ज उन्हीं का आदमी था। आज उनको छोड़कर क्यों दूसरी पार्टी में गया? विधायक अरूप ने कम्पनी में रखने के लिए अपने आदमियों की लिस्ट दी थी, जिसमें गिरिडीह के लोग शामिल हैं, जो आज भी कम्पनी काम कर रहे है। पूर्व विधायक ने विधायक अरुप चटर्जी के हस्ताक्षर युक्त एग्रीमेंट पेपर को लहराते हुए कहा कि उनके दांत हाथी जैसे हैं, दिखाने के अलग और खाने के अलग। विधायक द्वारा 16 दिसम्बर की घटना को अपने स्वार्थ के लिये उठाया गया कदम बताते हुए कहा कि उन्होंने भाई भाई को लड़वाने का काम किया। पूर्व विधायक ने कहा कि तीन पंचायत को नियोजन देने की जहां बात थी। अगर निरसा विधानसभा क्षेत्र के लोगों को भी नियोजन मिलता है तो बात समझ मे आती है। गिरिडीह के लोग यहां नियोजित होंगे। बेहतर होगा वह खुद गिरिडीह से चुनाव लड़ें। उन्होंने कहा कि गोपिनाथपुर कोलियरी में जेपीसीएल द्वारा 25 वर्षों तक काम चलने वाला प्रोजेक्ट है। जिला परिषद सदस्य संजय सिंह उर्फ पिंटू सिंह ने पत्रकारों को जानकारी दी कि विधायक अरुप चटर्जी ने अपने स्वार्थ के लिये बेरोजगारों को बरगलाकर गोपीनाथपुर को अशांत ही नहीं किया, बल्कि लोंगों को आपस में लड़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा आउटसोर्सिंग में अभी 161 मजदूर कार्यरत हैं। प्रेसवार्ता में जिप सदस्य संजय सिंह उर्फ पिंटू सिंह, प्रशांत बनर्जी, मुन्ना सिंह ,दुख्खू बेग, सुजीत चंद्रा, गोपाल राय सहित बेरोजगार युवक व भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## स्पीड न्यूज

### आंगनबाड़ी सेविका के चयन के लिए आम सभा



**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड के चंपापुर पंचायत अन्तर्गत जंगलपुर गांव में मंगलवार को आंगनबाड़ी सेविका चयन के लिए आम सभा हुई। नारायणपुर बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ मुरली यादव महिला पर्यवेक्षिका नियोति दास, मुखिया समेत संबंधित क्षेत्र की एएनएम एवं विद्यालय के सचिव मौजूद थे। विभागीय निर्देश के आलोक में विहित प्रक्रिया के तहत प्रतिमा मुर्मू का चयन किया गया। चयन होने के बाद पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने औपबंधिक चयन पत्र दिया। विदित हो कि यह गांव पहाड़िया जनजाति समुदाय का है। इस गांव में पीएम जनमन योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण किया गया है, जिसके लिए सेविका का चयन हुआ। मौके पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### आरोही नाट्य मंच करेगा 15 दिवसीय थिएटर वर्कशॉप का आयोजन

**धनबाद।** आरोही नाट्य मंच 30 दिसंबर से 15 दिवसीय थिएटर वर्कशॉप का आयोजन करेगा। संस्था की महासचिव सह टीम लीडर उर्मिला प्रसाद ने बताया कि सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के सौजन्य से 30 दिसंबर को संस्था के पुटकी श्रीनगर स्थित कार्यालय में सुबह 10 बजे से वर्कशॉप का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्कशॉप में इच्छुक अभ्यर्थी के लिए प्रवेश निःशुल्क है। वर्कशॉप में अभिनय तकनीक, लाइट एवं सेट डिजाइन, आत्मविश्वास निर्माण, कौशल में सुधार लाना, वॉइस एंड बॉडी ट्रेनिंग, मंच पर प्रस्तुति, व्यावसायिक विकास के साथ-साथ अन्य एक्टिविटी पर निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कला के क्षेत्र में अपना करियर बनाने वालों के लिए यह वर्कशॉप एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा।

# जामताड़ा में 1,14,000 नगद राशि के साथ 4 साइबर आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने किया लाखों की ठगी का खुलासा, सभी को भेजा गया जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**ताजामताड़ा।** जामताड़ा पुलिस ने करमाटांड थाना क्षेत्र में साइबर अपराधियों के खिलाफ छापामारी की, जिसमें 4 आरोपियों को 20 फर्जी मोबाइल, 29 सिम कार्ड, तीन एटीएम कार्ड एक पैन कार्ड और दो आधार कार्ड सहित 1, लाख 14 हजार नगद राशि के साथ गिरफ्तार कर लिया है।



एसपी ऐहताशाम वकारीब ने जामताड़ा साइबर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निरजन मंडल (21 वर्ष), ग्राम जागाडीह, थाना कराँ, जिला देवधर, मुकेश मंडल (23 वर्ष), ग्राम चामलीटी, थाना अहिल्यापुर, जिला गिरिडिह, मुकेश मंडल (22 वर्ष), ग्राम मोहली-झिलुवा, थाना नारायणपुर, जिला जामताड़ा, आनंद देव मंडल (24 वर्ष), ग्राम मट्टांड़, थाना करमाटांड़, जिला जामताड़ा का निवासी है। वही गिरफ्तार अपराधियों में मुकेश मंडल का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है, जो पहले भी जेल जा चुके हैं। सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। सभी आरोपी लोगों को बिजली बिल जमा न करने का झांसा देकर और स्क्रिन रॉयरिंग एप्स के जरिए ठगी करते थे। एक्सिस बैंक खाताधारकों से ए पी के फाइल इंस्टॉल करा कर ठगी की जाती थी। इन अपराधियों का मुख्य कार्यक्षेत्र पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और बिहार था।

## स्वामी विवेकानंद विद्यालय की 25 वीं वर्षगांठ पर रंगारंग कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुमारधुबी।** चिरकुंडा सुंदर नगर स्थित स्वामी विवेकानंद विद्यालय ने शनिवार को अपनी 25 वीं वर्षगांठ रंगारंग कार्यक्रम के साथ मनाई। विद्यालय परिसर में दो दिवसीय समारोह का आगाज मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण के साथ किया। इस खास मौके पर सैकड़ों अभिभावक भी मौजूद थे। बच्चों ने गीत संगीत और नृत्य से कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यालय के निर्देशक विवेक सिंह ने बताया कि आज विद्यालय अपनी पच्चीसवीं वर्षगांठ मना रहा है। विद्यालय के प्राचार्य संजीव साव ने बताया कि वर्ष 1998 में स्वामी विवेकानंद विद्यालय की स्थापना की गई थी। उस समय मात्र साठ बच्चे शिक्षा ग्रहण करते थे, जिनकी संख्या बढ़ कर अब अठारह सौ हो गई है।

## रामकृष्ण सेवाश्रम के व्यवसायीकरण के खिलाफ एफसीआई प्रबंधन करेगा कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** एफसीआई प्रबंधन ने धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न धार्मिक संस्थाओं को लीज पर भूमि दी है। परंतु धार्मिक संस्थाओं के संचालकों ने लीज पर आवंटित जमीन का व्यवसायीकरण शुरू कर दिया है। एफसीआई के लीज धारक श्री श्री रामकृष्ण सेवाश्रम ने सेल टासरा के संवेदक केटीएमपीएल को आश्रम का तीन बड़ा हॉल और एक कमरा किराये पर दिया है। यहां केटीएमपीएल उड़ान नाम से अपना व्यावसायिक और सामाजिक गतिविधियों का संचालन कर रहा है। श्री श्री रामकृष्ण सेवाश्रम सिंदरी कमेटी के अध्यक्ष सह बीआईटी सिंदरी के पूर्व प्राध्यापक डॉ एस सी राय ने बताया कि एफसीआई प्रबंधन ने सेवाश्रम को रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को बढावा देने के लिए लीज पर जमीन आवंटित की थी। इसके कुछ भाग को केटीएमपीएल कंपनी को किराए पर दिया गया है, जिसका कंपनी व्यवसायीकरण कर रही है, जो गलत है। हालांकि थोड़ी देर बाद अध्यक्ष ने अपनी वाणी में थोड़ा फेरबदल करते हुए कहा कि कंपनी को संस्था को डोनेशन देने के लिए लीज भूमि के कमरे दिए गए हैं। केटीएमपीएल के प्रोजेक्ट निदेशक टी रमेश ने बताया कि कंपनी श्री श्री रामकृष्ण सेवाश्रम के कमरों को किराए पर लेकर उड़ान कार्यक्रम चला रही है। इसका विस्तारीकरण किया जाएगा।

इस संबंध में एफसीआईएल सिंदरी के संपदा अधिकारी देवदास अधिकारी ने बताया कि श्री श्री रामकृष्ण सेवाश्रम को धार्मिक प्रचार प्रसार के लिए जमीन लीज पर दी गई थी, जिसका उल्लंघन किया गया है। एफसीआईएल सिंदरी प्रबंधन शीघ्र ही दोनों संस्थाओं को नोटिस देकर पूर्व की यथास्थिति बहाल करने का निर्देश देगा।

### गोल्फ ग्राउंड में 7 जनवरी से बहेगी भक्ति की बयार



**धनबाद।** नए साल में शहर के गोल्फ ग्राउंड में भक्ति की बयार बहेगी। देश की प्रसिद्ध कथावाचक व भजन गायिका जया किशोरी का आगमन होगा। वह अपनी मधुर वाणी से 7,8 और 9 जनवरी को दोपहर 3 से रात 7 बजे तक भगवान कृष्ण की कथा बांचेंगी। यह आयोजन श्याम भक्त मंडल हीरापुर की ओर से किया जाएगा। यह जानकारी शनिवार को श्याम भक्त मंडल के सदस्य सन्नी अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि इस अनुष्ठान में जया किशोरी कृष्ण लीलाओं के साथ आज के तनावपूर्ण जीवन को सहज बनाने के आयामों पर चर्चा करेंगी। इस आयोजन को लेकर गोल्फ ग्राउंड में विशाल पंडाल बनाया जा रहा है। जया किशोरी पहले भी धनबाद आ चुकी हैं। उनके आगमन की खबर से शहर के श्रोता काफी उत्साहित हैं। श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में कथा में पहुंचने की अपील की जा रही है।

### 4 से 8 जनवरी तक दुर्गियाना व हमसफर एक्सप्रेस रद्द

**धनबाद।** उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल के लाढोवाल स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण लुधियाना, अमृतसर और फिरोजपुर जाने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ेगी। रेलवे ने कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव के साथ साथ कुछ ट्रेनों को रद्द भी किया गया है । गाड़ी संख्या 12357 कोलकाता–अमृतसर दुर्गियाना एक्सप्रेस 04 और 07 जनवरी तथा गाड़ी संख्या 12358 अमृतसर–कोलकाता दुर्गियाना एक्सप्रेस 06 और 09 जनवरी को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 22317 सियालदह– जम्मू तवी हमसफर एक्सप्रेस 06 जनवरी तथा 22318 जम्मू तवी–सियालदह हमसफर एक्सप्रेस 08 जनवरी को रद्द रहेगी। धनबाद से खुलने वाली गाड़ी संख्या 13307 धनबाद–फिरोजपुर, गंगा सतलज एक्सप्रेस 31 दिसंबर से 06 जनवरी तक लुधियाना–मोगा होते हुए फिरोजपुर कैंट तक जाएगी। फिल्लौर, बिलगा, नूरमहल, नोकदर, मलसियां सहखावत, लोहिया खास, माखू में उक्त तिथि में इस ट्रेन का ठहराव नहीं होगा। गाड़ी संख्या 13308 फिरोजपुर–धनबाद गंगा सतलज एक्सप्रेस 02 जनवरी से 08 जनवरी तक फिरोजपुर कैंट–मोगा–लुधियाना होकर चलेगी।

## लायंस क्लब ने किया जांच शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** लायंस क्लब बाघमारा एवं आर्ट ऑफ लिविंग हरिना बाघमारा द्वारा संयुक्त रूप से नेहरू चौक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ क्लब के अध्यक्ष लायन डॉ मुकेश कुमार राय, पूर्व रीजन चेयरपर्सन डॉ राजेंद्र प्रसाद, चैंबर ऑफ कॉमर्स मटुकुरिया के अध्यक्ष दिनेश हेलीवाल, चैंबर ऑफ कामर्स बाघमारा के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार एवं आर्ट ऑफ लिविंग बोकारो के वरिष्ठ शिक्षक विनोद गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। हेल्थ चेक अप जांच वन स्टॉप सेंटर बरवाअड्डा टीम द्वारा किया गया। डॉ शक्ति कुमार, फकरुद्दीन, मुर्तजा एवं विजय कुमार शामिल थे। कैंप में 76 व्यक्तियों की जांच की गई। सामान्य रोगों के उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। सफल बनाने में क्लब सचिव सुनील कुमार, उपाध्यक्ष किशुन लाल महतो, पुरूषोतम हेलीवाल, शशि महथा, सुभाष बरनवाल, प्रभाष हेलीवाल, राजीव कुमार सोनी, पीयूष भारद्वाज आदि का योगदान रहा।

## भाकपा माले निकालेगी जोहार यात्रा



**कतरास।** भाकपा माले केस्थानीय कार्यालय में कतरास अंचल के सक्रिय कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, जिसमें सदस्यता अभियान पर चर्चा हुई और झारखंड जोहार यात्रा निकलने का निर्णय लिया गया। जन समस्या को लेकर पूरे क्षेत्र में झारखंड जोहार यात्रा सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में हलधर महतो, शंकर प्रसाद महतो, भीम कुमार महतो, संजय महतो, महादेव साव, चेतू साव, रॉबिन महतो, कपूर पंडित, शंकर प्रजापति, संदीप मिश्रा, लकी बेसरा आदि मौजूद थे।

### रतन टाटा की 87 वी जयंती पर महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर बस्ती पिला ग्राउंड में टाटा स्टील के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा की 87 वी जयंती पर जोड़ापोखर बस्ती एवं एसकेएम संस्था की ओर से महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टाटा स्टील जामाडोबा के अधिकारी श्वेता कुमारी, सुजीत झा, श्रमिक नेता, पूर्व पार्षद शिव कुमार यादव ने संयुक्त रूप से केक काटकर मैच का उद्घाटन किया। फाइनल मुकाबला जोड़ापोखर बुलेट क्लब बनाम संतालडीह क्लब के बीच हुआ, जिसमें संतालडीह 0–1 से विजयी रहा। मैच में चार टीमों ने भाग लिया था। जयश्री स्पोर्टिंग क्लब निरसा, रघुनाथपुर स्पोर्टिंग क्लब सेमीफाइनल तक ही खेल पाई। रैफरी की भूमिका अनिल लाल, सुभाष कुमार बरुआ, मो इरफान और विक्की महतो ने निभाई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुरुलिया का छऊ नृत्य एवं आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया। ग्रामीणों ने खूब लुत्फ उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राम प्रसाद सिंह, एस के महतो, पायल महतो, मिलन महतो, जयश्री कुमारी, सुमन कुमारी आदि शामिल थे।

## अंगारपथरा में कोयले की अवैध खदानों के विरोध में उतरी महिलाएं

# प्रबंधन, सीआईएसएफ और स्थानीय प्रशासन को करानी पड़ी अवैध मुहाने की भराई

खबर मन्त्र संवाददाता





**कतरास।** अंगार पथरा स्थित काँटापहाड़ी में आवासीय कालोनी से महज कुछ फासले पर अवैध उत्खनन के विरोध में महिलाओं ने जमकर हंगामा किया। अपने घरों से निकालकर सभी महिलाएं रोड के दूसरी ओर अवैध मुहाने पर पहुंची, जहां बाहर में कोयले से भरी हजारों बोरियां रखी हुई थी। भनक मुहाने के अंदर खनन कर रहे मजदूरों को लग गयी तो खदान के अंदर से निकलकर भागे।

पूरे कांटापहाड़ी में खलबली मच गयी। कांटापहाड़ी के बंद पैच में खुले कई अवैध मुहानों में खनन कर रहे मजदूर निकल कर दूसरे रास्ते से भागे। इधर महिलाएं आवासीय कॉलोनी और अवैध खनन स्थल के बीच सड़क पर बैठ गयी। कॉलोनी के पास सड़क की दूसरी ओर अवैध मुहानों की भराइ व ठोस कार्रवाई की मांग करने लगी। इस बीच कतरास क्षेत्र की सीआईएसएफ टीम और अंगारपथरा ओपी की पुलिस मौके पर पहुंची। महिलाओं को समझाने का प्रयास किया। लेकिन मुहानों की भराइ कराये बगैर महिलाएं कुछ मानने की तैयार नहीं हुई। आखिरकार पेलोडर मंगवाया गया। मुहाने की भराई शुरू हुई। माहौल उस वक्त गरम हो गया, जब मुहाने की भराई का काम पूरा किये बगैर मशीन को ले जाने लगे। महिलाओं ने उसे रोक दिया। सीआईएसएफ अधिकारी ने बीसीसी एल के स्थानीय वेस्ट मोदीडीह कोलियरी प्रबंधन को सूचित किया। प्रबंधन ने हाइवा से ओबी मांगकर भराई शुरू की। सीआईएसएफ के अधिकारी ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। भराई कराई जा रही है।

गिरिडीह और बंगाल के पड़ोसी जिले से सैकड़ों मजदूर हर रोज पिक अप वाहन से आते हैं। दिन में खनन और रात में ट्रकों में लोडिंग कर बाहर भेजा जाता है। अंगारपथरा प्रशिक्षण के समीप सड़क किनारे, कांटापहाड़ी रोड किनारे या अंगार पथरा मैदान में मजदूरों की ढुलाई करने वाले वाहन खड़े देखे जाते हैं।


### तीन दिन से महिलाएं कर रही थी विरोध

महिलाओं का कहना था कि पिछले तीन दिनों से वे विरोध कर रही थी। लेकिन सीआईएसएफ व प्रशासन द्वारा ठोस नहीं उठाया जा रहा था। खनन स्थल से करीब चार सौ मीटर पर सीआईएसएफ का कैंप है। कांटापहाड़ी में कई अवैध मुहाने हैं, जिसमें अवैध खनन कराया जा रहा है।

## समय संवाद

दोनों पक्षों के अपने-अपने तर्क हैं। इस मामले ने पहले आपसी रंजिश को जन्म दिया, फिर बढ़ते-बढ़ते दोनों पक्ष अदालत तक जा पहुंचे। अब फिलहाल वहां किसी भी निर्माण या काम के लिए अदालत की ओर से रोक लग चुकी है। इस स्थिति ने जाने-अनजाने वहां के लोगों को दो खेमों में बांट दिया है। वे अपनी-अपनी मान्यताओं और विचारों को सही सिद्ध करने की जुगत में लगे हैं। ऐसी समस्याएं अक्सर मैंने भिन्न मतावलंबी के लोगों के बीच उठते देखा है। पूरे विश्व में वर्गीय रंजिश और झगड़े का सबसे बड़ा कारण धार्मिक मतभेद ही है। कई ऐसे देश है जो इस विषय को मुद्दा बना कर आपस में लड़ रहे हैं और बर्बाद हो रहे हैं।

# 2025 का संदेश प्रकृति के स्वर को सुने



**भरत चन्द्र महतो**



**हम** उसे प्रकृति का नाम दें या कुछ और..! नव वर्ष 2025 का हम अभिनंदन करते हुए एक नयी उम्मीद की चाह रखते हैं। वही अदृश्य, अनजानी शक्ति सांसों के स्पंदन के रूप में हमारे भीतर भी वर्तमान है। इन सारे तथ्यों को देखने और जानने बावजूद हर युग में मनुष्य अपने अनावश्यक भ्रम और झूठी दंभ से भरी महत्ता को सिद्ध करने के लिए उस सर्वशक्तिमान को बांधने और बांटने के लिए प्रपंच करता रहा है।

शहरी सुविधाओं की चाह और रोजगार प्राप्ति के साधनों की कमोबेश उपस्थिति के कारण दिन-प्रतिदिन बढ़ती आबादी के दबाव से विस्तृत होता हमारा शहर वर्तमान में विस्तार के अंतिम सीमा को छूने लगा है। स्थिति यह हो गई है कि शहर के सबसे सुदूर इलाके के रूप में गिना जाने वाला और कम पैसे वाले लोगों की रिहाइश के लिए माकूल माना जाने वाला हमारा क्षेत्र भी आज शानदार बहुमंजिली इमारतों और सुरुचिपूर्ण तरीके से बने घरों से शोभायमान होता जा रहा है। ऐसे में यहां रहने वाले लोगों की बेहतर जीवन शैली के मद्देनजर स्वाभाविक रूप से इस विस्तारित होते मोहल्ले में अवस्थित एक चौरस सरकारी जमीन के हिस्से को पार्क निर्माण के लिए तय किया गया है। और यही बात आज समस्या का कारण भी बन गया है, क्योंकि यहां पहले से रह रहे कुछ शक्ति संपन्न लोग उस स्थल पर एक मंदिर निर्माण की शुरूआत कर चुके थे। जबकि प्रशासन और मोहल्ले के कुछ पढ़े-लिखे नई पीढ़ी के लोग चाहते थे कि वहां पार्क बने।

ऐसी परिस्थितियां मेरे मन में विचारों का बवंडर खड़ा करती हैं। यह सवाल कुरेदने लगा है कि आखिर मनुष्य मंदिर, मस्जिद, चर्च जैसे इबादतगाहों का निर्माण क्यों करता है! वह जिसे सर्वशक्तिमान की संज्ञा देता है, जिसकी अनजानी शक्ति और सत्ता के आगे सदैव नतमस्तक रहता है, उसी को भिन्न-भिन्न रूपों वाले ईंट-गारे से बने दड़बों और महलों में बांधने की कोशिश क्यों करता है? वह एक तरफ सभ्यता और संस्कृति की जननी नदियों को मां की संज्ञा देता है। उन्हें मोक्षदायिनी मानता है, उनके अंजुरी भर बोतलबंद जल से गाहे-बगाहे अपने घर को शुद्ध करता है, वहीं उन्हीं नदियों में गंदगी को उड़ेलने, मलिन और जहरीले पदार्थों को डालते हुए उफ्फ तक नहीं करता। सच कहूं तो मनुष्य के इस मूढ़ता भरी हिमाकत पर मुझे हंसी और नाराजगी दोनों एक साथ आती है। एक तरफ वह कहता है कि जगत के कण-कण में ईश्वर का वास है, उसकी इच्छा सर्वोपरी है, दुनिया के प्रत्येक चर और अचर, धरा, आसमान, प्रकृति हर चीज का निर्माणकर्ता और संहारकर्ता ईश्वर ही होता है और दूसरी ओर, फिर उस असीम को बांधने के लिए हर गली, मुहल्ले, चौक, चौराहे पर दड़बों का निर्माण वालों को क्या कहेंगे?

गौरतलब है कि हमारी तमाम वैज्ञानिक प्रगति, मनुष्य के द्वारा बेहिसाब रूप से विकास के पायदानों को मापने और संसार के सारे बूझ-अबूझ रहस्यों के परदे खोल लेने का दावा करने के बावजूद यह एक बड़ा सत्य है कि आज भी लगभग हरेक व्यक्ति, चाहे वह नास्तिक हो या आस्तिक, इस तथ्य को तो मानता ही है कि जीव, धरती, आसमान, सूर्य, चांद, दिन, रात, हवा, मिट्टी के बीच बहुत कुछ ऐसा है, जो अब तक अबूझा और अनजाना है। हम उसे प्रकृति का नाम दें या कुछ और..! वही अदृश्य, अनजानी शक्ति सांसों के स्पंदन के रूप में हमारे भीतर भी वर्तमान है। मादा के कोख में पड़े नर शुक्राणु रूपी सूक्ष्मतम कण से साकार जीव बनने और धरा के अंक में लिपटे लघु बीज से पौधा और फिर विशालकाय वृक्ष बनने तक में, हर तरफ वही शक्ति अपनी पूर्ण सर्वोपरिता के साथ हमारे भीतर बाहर, हर ओर उपस्थित है। नये वर्ष 2025 पर सबका अभिनंदन,संदेश कि प्रकृति के स्वर को सुने।

**(वरिष्ठ अधिवक्ता रांची सिविल कोर्ट)**

# अत्यधिक कामना ही कष्ट का जड़

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**किसी** भी कष्ट के पीछे कामना ही उसका कारण बनती है। कष्ट इसलिए ज्यादा है क्योंकि हमलोगों ने अपनी कामना बढ़ा ली है। समाज में ज्यादा से ज्यादा सांसारिक वस्तुओं की इच्छा करने से कष्ट बढ़ रहा है। हमें उतने ही पैर पैसारने चाहिए जितने लंबे सौर हो। हमारे पूर्वजों ने हर चीज में अपनी कामना पर नियंत्रण रखते थे। यही नहीं वे अपने दिनचर्या और खान-पान को भी सीमा में रखते थे। आज हम अपनी कामनाओं को नियंत्रित करने में असफल हो रहे हैं यह सबसे बड़ा दुख का कारण बन रहा है। कष्ट कामना से होता है और कामना के नियंत्रण के लिए भक्ति का संग होना अनिवार्य है। भक्ति गुरु के माध्यम से ही स्थापित होती है। सबकी कामना एक अच्छे जीवन की होती है जिसमें प्रसन्न्ता हो लेकिन क्या वह प्रसन्नता जीवन के तीसरे या चौथे चरण में महसूस की जाती है। परिवार, समाज सहित वस्तुओं की चाह में आदमी उलझा रहता है।

एक राजा की कथा सुनाते हुये उन्होंने कहा कि राजा ने बड़े शौक से नदी के किनारे एक भव्य महल बनाया और उसमें यह सोचकर रहने गये कि राजकाम की परेशानी से वहां सकून मिल सकेगा। लेकिन जैसे ही राजा सोते उन्हें स्वप्न आता था कि वे पानी में डूब रहे हैं। और डूब भी रहे है उसी नदी में जहां उन्होंने भव्य महल बनाया है। वे परेशान रहने लगे और नदी में उन्होंने कई नाविकों को लगाया और कहा कि मैं जैसे डूबने लगू तुमलोग बचा लेना।

क्या सपना में जो हम देखते हैं जब तक कोई जगा हुआ व्यक्ति जगा न दे हम बैचेनी से बच पाते हैं। राजा के नाविकों को लगा देने के बाद भी सपने में डूबने की बैचेनी होती रही। राजा की बैचेनी कम नहीं हुई

आखिर सच यह है कि इससे वहीं बचा सकता है जो इनसे बच चुका है। जो भय, कामना हमारे जीवन में प्रभावी रूप लेती है वहीं सपने में बैचेन करती है। यही कामना हमारे जन्म जन्मातंर में हमारी पीछा करती है। सपने की बैचेनी और जीवन में सांसारिक वस्तुओं को पाने की बैचेनी में इंसान का हाल बेहाल हो जाता है। सांसारिक वस्तुओं के बीच रहकर भी कामना रहित होने की क्षमता होनी चाहिए। इसके लिए विश्वास अटूट हो परमात्मा पर, सद्गुरु पर। अगर आपका विश्वास कमजोर हे तो आपकी आस्था टूटती है तो आपकी कामना मुक्ति की कैसे हो सकती है।

कृष्ण पर अर्जुन की अटूट आस्था थी। यही कारण था कि गीता का उपदेश कृष्ण ने अर्जुन को दिया। अन्य चारों पांडव भी वीर थे लेकिन अर्जुन ने महाभारत की लड़ाई में कृष्ण की सेना और कृष्ण में से एक चुनने की बात आई तो कृष्ण को चुना। आपका विश्वास भक्ति में जितना मजबूत होगा आपका जीवन उतना ही सुदंर कामना रहित हो जाएगा। सपने की बैचेनी और जीवन की बैचेनी का अंतर से जीवन लक्ष्य तय करो।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर बक्सर, शाखा कुटी रांची)

# हृदय रोग की चपेट से 90 लाख की मौत

**डब्ल्यूएचओ** यानी विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक ताजा रिपोर्ट में हृदय से संबंधित रोगों से मरने वालों का जो आंकड़ा सामने आया है, वह बेहद चिंताजनक है।

सन 2022 में जहां हृदय रोग की चपेट में आकर दुनिया भर में बीस लाख लोग जान गंवा बैठे, वहीं 2023 में यह आंकड़ा बढ़ कर नब्बे लाख हो गया। यों मधुमेह और मनोभ्रंश भी दुनिया की शीर्ष दस बीमारियों की सूची में शामिल हैं, जिससे बहुत ज्यादा लोगों की मौत होती है, लेकिन बाकी सभी कारकों से होने वाली मृत्यु के मामलों में से सोलह फीसद मौत अकेले हृदय रोगों से होती है। आज इतनी बड़ी तादाद में लोगों को अपना शिकार बना रही है। डब्ल्यूएचओ कीजारी 2023 वैश्विक स्वास्थ्य आकलन रिपोर्ट में बताया गया है कि जिन दस बीमारियों से विश्व में सबसे ज्यादा लोगों की मौतें होती हैं, उनमें से सात गैर-संचारी बीमारियां हैं। फेफड़ों और किडनी से जुड़ी बीमारियों के अलावा कुछ अन्य रोगों की स्थिति में भी भारी तादाद में लोगों की जान जा रही है।

आमतौर पर ये जीवनशैली और खानपान से जुड़ी ऐसी बीमारियां हैं, जिनका बहुत थोड़ा ध्यान रख कर बचा जा सकता है। लेकिन लोगों के आलस्य और



लापरवाही की वजह से कोई बीमारी उनके भीतर घर बनाती है और पलते-बढ़ते हुए आखिरकार उनकी जान ले लेती है। मसलन, ज्यादातर लोगों को इस बात के बारे में जानकारी है कि धूम्रपान से किस तरह के नुकसान हो सकते हैं।

खुद डब्ल्यूएचओ की ओर से भी अपनी एक रिपोर्ट में यह बताया जा चुका है कि फेफड़ों के जुड़ी बीमारियां होने के अलावा तंबाकू के कारण होने वाले हृदय रोगों से हर साल दुनिया में करीब बीस लाख लोगों की मौत हो रही है; हृदय रोगों से होने वाली हर पांचवीं मौत की वजह तंबाकू या धूम्रपान है। विडंबना यह है कि इन तथ्यों के बावजूद लोग बेफिक्र होकर खुद को धुएं में गुम कर राहत की तलाश करते हैं। एक समय था जब मामूली बीमारियों का सही समय पर उचित इलाज नहीं होने की वजह से मरीजों की मौत हो जाती थी। लेकिन वक्त के साथ वैज्ञानिक उपलब्धियों के बीच चिकित्सा विज्ञान ने काफी उन्नति की और रोगों के इलाज के नए तरीके सामने आए, किसी रोग से मृत्यु के दरवाजे पर पहुंचे मरीजों के फिर से स्वस्थ होने की दर बढ़ी और इस तरह लोगों के जीवन की औसत आयु में भी इजाफा हुआ। लेकिन हृदय रोग सहित जीवनशैली और खानपान में तेजी से आते बदलाव की वजह से होने वाली कई बीमारियों की वजह से मौतों के आंकड़े भी तेजी से बढ़े। ज्यादातर मामलों में अपनी सेहत को व्यक्ति खुद ही दुरुस्त रख सकता है या फिर दांव पर लगा सकता है।

जीवनशैली में थोड़ी नियमितता लाई जाए तो जानलेवा रोगों की चपेट में आने से बचा जा सकता है। सवाल है कि जीवनशैली में घुली ऐसी लापरवाहियां या आदतें किस काम की, जो तात्कालिक तौर पर राहत की तरह लगती हैं, लेकिन सेहत को दीर्घकालिक और गंभीर नुकसान पहुंचाती हैं।

# स्वागतम 2025

**प्रशांत झा**

**इन** दिनों चारो और सब मस्ती के मूड में है और होना भी स्वाभाविक है क्योंकि हम नववर्ष की और बढ़ते हुए पुराने साल को विदा कर नववर्ष का स्वागत धूम धड़ाके से करते है। इसके मद्देनजर शहर में कई रंगारंग कार्यकर्मो का आयोजन भी किया जाता है जिसमे सभी उम्र एवं वर्ग के लोग शामिल होते हैं। इस समय एक ओर जहां स्कूल कॉलेज समेत कई संस्थानों में क्रिसमस एवं अंग्रेजी नववर्ष की अवकाश है। दूसरी ओर खुशनुमा एवं मनोरम मौसम का लुफ्त उठाने के लिए राजधानीवासी पिछले कुछ दिनों से अपने अवकाश का आनंद हेतु शहर के विभिन्न पिकनिक स्पॉट एवं अन्य दर्शनीय स्थल में जाकर पिकनिक मनाना शुरू कर देते हैं जो नये साल तक चलता है। यह दौर जनवरी महीने भर चलेगा। इस समय मौसम बड़ा ही सुहावनी होती है। न गर्मी से पसीने की परेशानी न सड़क पर कीचड़ दिखती है, तो बस चारो ओर नीलाकाश, धरती एवं छत पर सुहावनी धूप और बाग-बगीचे में फूलो का बहार जो हमारा स्वागत करती है। इसके अलावे शहर से दूर अवस्थित दर्शनीय स्थल की नीलाकाश के बीच हसीन वादियां एवं जलप्रपात भी शहरवाशियों के अतिरिक्त पर्यटको का स्वागत करती खड़ी है, जिसका हम सालों भर इंतजार करते है

सभी मौसमो का अपनी अपनी विशेषताएं है और हम उसका लुफ्त भी उठाते है, पर स्वास्थ्य लाभ की दृष्टिकोण से देखा जाये तो जाड़े का मौसम हमारे लिए मनोरम एवं स्वास्थ्य प्रद है जिसका हम इन दिनों लुफ्त उठा रहे है। खुला व नीला आसमान, गुलाबी ठण्ड के बीच धरती एवं छत पर बिखेरती मीठी धुप का सेवन जिसकी बात ही निराली है। यह मौसम के मुकाबले मनोरम एवं स्वास्थ्यवर्धक का अहसास कराता है और जिसका हम इन दिनों बड़े चाव से लुफ्त उठा रहे हैं। और स्वास्थ्यप्रद भी है इसकी खूबी यह है की इस समय किया गया मेहनत हमें पसीने से तरबतर न कर हमें उर्जा देती है और भूख भी लगती है और खाना एवं भोजन भी जल्द पच जाती है जिसके चलते हम इन दिनों अन्य मौसम के मुकाबले स्वस्थ एवं तरोताजा रहते है, हम स्वागत कर रहें हैं 2025 का जो हमारे देश, समाज और परिवार के लिये अतिशुभकामना लेकर आये। पूरा विश्व कोरोना सहित युद्ध से बचार रहे जिससे शांति व्याप्त हो। झारखंड का भी तेज विकास हो। **ब्रदर्स एकेडमी रांची**

# ऑनलाइन क्लासेज का दौर



**एडी बाधवा (मोटिवेटर)**

**इस** साल लोगों ने जो कभी सोचा ना था वह हर घटना घट गई इस साल। क्या कभी किसी ने सोचा था कि एक मोबाइल में पूरा स्कूल कॉलेज समा सकते हैं? इस वैश्विक महामारी कोरोना ने यह भी संभव करके दिखा दिया। 1 वर्ष पहले तक स्कूल कॉलेजों में मोबाइल फोन वर्जित थें, लेकिन अब मोबाइल के बिना स्कूल नहीं चल पाएंगे।

लॉकडाउन में जब सारे शिक्षण संस्थान बंद हो गए तब सरकार ने घर पर ही शिक्षा देने की नीति की पहल की और शुरूआत की ऑनलाइन क्लासेस की, विश्वविद्यालयों से लेकर प्ले स्कूल तक ऑनलाइन हो गए।

ऑनलाइन क्लासेस से अगर एक समस्या का समाधान हुआ तो साथ ही उसने दूसरी समस्या को भी जन्म दिया यह समस्या उनके लिए हुई जो मध्यमवर्गीय थे ,जो गरीब थे, जो दिहाड़ी मजदूर थे। लॉकडाउन में बहुत से लोगों ने अपनी रोजी रोटी का जरिया भी गंवा दिया, जो दिहाड़ी मजदूर थे वे किसी तरह मेहनत मजदूरी कर अपने बच्चों को स्कूल भेज पाते थे। ऐसे में जब स्कूल कॉलेजो ने ऑनलाइन क्लासेस की जोर पकड़ी तो बच्चों के लिए स्मार्टफोन अनिवार्य हो गए, मुसीबत तो तब होने लगी जब एक घर में 4 बच्चों के ऊपर 4 स्मार्टफोन की जरूरत पड़ने लगी। लोग ऐसे भी हैं जो दूसरों के घरों में काम कर अपना गुजारा करते हैं ऐसे में स्मार्टफोन और इंटरनेट का खर्चा वहन करना उनके बस के बाहर की चीज थी। सरकार ने ऑनलाइन क्लासेज तो जारी कर दिए लेकिन ऐसे लोगों के बारे में सोचना ही भूल गए।

संकट का सामना उनको भी करना पड़ा जिनके क्षेत्र में इंटरनेट सुविधा नहीं थी या इंटरनेट की गति काफी धीमी थी।अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ के अनुसार, इस गोलार्ध में इंटरनेट की पहुंच बहुत है और लगभग 360 मिलियन युवाओं तक इसकी पहुंच नहीं है । संयुक्त राष्ट्र विज्ञान और शिक्षा संगठन यूनेस्को के अनुसार कोविड-19 के कारण 850 मिलियन बच्चे और युवा-वयस्क दुनियाभर में स्कूल कॉलेज और विश्वविद्यालय मे नामांकित हैं जिसमें से आधे अभी शिक्षा या प्रशिक्षण नहीं है। यदि ऑनलाइन शिक्षा को अधिक समावेशी सार्वजनिक शिक्षण संस्थान बनाना है तो जो इसके लिए जो निधि उपलब्ध कराते हैं उन्हें सुनिश्चित करना होगा कि अधिक से अधिक शिक्षार्थी नई प्रौद्योगिकियों से लाभ उठा सकें। विद्यार्थियों के बीच ब्रॉडबैंड स्मार्ट फोन और लैपटॉप की पहुंच को प्राथमिकता दें।

(लेखक सीएमए,मोटिवेटर सह वित्त- कर विषयों के जानकार हैं।)

# अब डिजिटल वोटर आइडी




**निर्वाचन** आयोग मतदाता पहचान पत्र डिजिटल रूप में मतदाताओं को उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर विचार कर रहा है। आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि इस संबंध में निर्वाचन आयोग ने अभी कोई फैसला नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हमें क्षेत्र के अधिकारियों, (राज्य के) मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के कार्य समूहों एवं जनता से विचार और सुझाव मिलते रहे हैं।

उनमें से यह एक विचार है जिसपर हम काम कर रहे हैं। उनसे जब पूछा गया कि क्या डिजिटल मतदाता पहचान पत्र का मतलब यह होगा कि कोई मतदाता उसे किसी ऐप के जरिए अपने मोबाइल फोन में रख सके, तो अधिकारी ने कहा कि आयोग पहले फैसला कर ले, उसके बाद इस तरह का ब्यौरा तय किया जाएगा।

अधिकारी ने बताया कि इसे मोबाइल, वेबसाइट, ई-मेल के जरिए रखा जा सकता है... विचार यह है कि इसकी (पहचान पत्र की) तेजी से आपूर्ति की जाए और उस तक आसानी से पहुंच हो। कार्ड के छपने और मतदाता तक पहुंचने में समय लगता है। आधार कार्ड, स्थायी लेखा संख्या (पैन) कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस भी डिजिटल माध्यम में उपलब्ध हैं।

डिजिटल माध्यम में, मतदाता की तस्वीर भी बिल्कुल साफ होगी, ताकि आसानी से उसकी पहचान की जा सके। आयोग के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि प्रौद्योगिकी के दुरुपयोग को रोकने के लिए आयोग को कोई फैसला करने से पहले इसके सुरक्षा पहलुओं को देखना होगा। फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र 1993 में पहली बार लाया गया था और यह पहचान और पते के सबूत के तौर पर स्वीकार्य है।

# अपने पौधों के लिए घर में ही बनाइये दवा

**स्वामी मुक्तरथ**

**पेड़**-पौधों को हवा, पानी सूरज की रोशनी के अलावा पौष्टिक तत्वों की जरूरत होती है। पौधों को हेल्दी बनाने के लिए उन्हें समय-समय पर फर्टिलाइजर देना पड़ता है। यूं तो बाजार में अनेक तरह के फर्टिलाइजर मिलते हैं, लेकिन हम घर पर भी आर्गेनिक फर्टिलाइजर बना सकते हैं। इनमें भी लिक्विड टी फर्टिलाइजर पौधों के लिए ज्यादा फायदेमंद होते हैं क्योंकि ये पौधों की जड़ों तक पहुंच कर तुरंत पोषण देते हैं।

**कॉफी-ग्राउंड फर्टिलाइजर-**

फिल्टर कॉफी बनने के बाद बचा हुए सीड्स या पाउडर एक बोतल में एक-चैथाई हिस्सा भर दें। शेष पानी भर कर एक सप्ताह के लिए छोड़ दें। बीच-बीच में बोतल हिलाते रहें। एक सप्ताह बाद एक लीटर पानी में एक कप फर्टिलाइजर मिलाकर सभी एसिड लविंग प्लांट्स जैसे- गुलाब, मोगरा, गुड़हल, टमाटर आदि में डालें

**नीम की पत्तियां-**

नाइट्रोजन से भरपूर नीम पत्तियों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर एक बोतल में आधा भर लें। इसमें पानी भरकर एक सप्ताह के लिए रख दें। यह पानी हल्के हरे रंग का हो जाएगा। एक कप तैयार फर्टिलाइजर को एक लीटर पानी में मिलाकर सभी पौधों में डाल सकते हैं। यह एक इंसेक्टेसाइट का काम भी करता है और पोषण भी देता है। पौधों में लगे कीड़ों को मारने के लिए इस पानी का स्प्रे भी कर सकते हैं।

**एग शैल फर्टिलाइजर-**

कैल्शियम काबोर्नेट से भरपूर अंडे के छिलकों को धोकर सुखा लें। इन्हें पीस कर बोतल में भर कर पानी मिला लें। एक सप्ताह बाद यह फर्टिलाइजर एसिटिक मिट्टी को एल्केलाइन बनाता है। बोगनवेलिया, एडेनियम पौधों के लिए उपयोगी है।

**लीफ टी-**

बागीचे में झड़ी पत्तियों को बाल्टी में इकट्ठा करें। एक-चैथाई पत्तियों होने पर बाल्टी में पानी भर कर कर छाया वाली जगह पर 3-4 दिन रख दें। पानी छानकर 1:5 के रेशियो में डायल्यूट कर पौधों में डालें।

**बनाना टी-**

2-3 केले के छिलके एक लीटर पानी में भिगो लें। तीन दिन बाद छान कर 1:2 के रेशियो में डायल्यूट करके सभी पौधों में डाल सकते हैं। धूप में सूखे हुए केले के छिलकों से भी बनाना पील फर्टिलाइजर बना सकते हैं। पोटेशियम से भरपूर यह फर्टिलाइजर फूलों वाले पौधों के लिए बेस्ट है। पौधों की पत्तियों को पीला होने से बचाता है।

**घास क्लिपिंग टी-**

घास की वेस्ट कटिंग से बनाई जाती है। एक बाल्टी में एक-चैथाई हिस्से को कटिंग की हुई



तकरीबन 1 इंच ऊपर की घास को भरें। पानी से बाल्टी भी भरकर 3-4 दिन रख दें। छान कर 1:2 रेशियो में डायल्यूट कर पौधों में डालें।

**वेस्ट टी लीफ फर्टिलाइजर-**

इस्तेमाल की हुई चाय पत्ती को अच्छी तरह धो लें। एक-दो दिन तक धूप में सुखा लें। एक गिलास में पानी लेकर 3-4 चम्मच चायपत्ती मिलाकर 24 घंटे रख दें। छान कर इसे एसिटिक पौधों में डाल दें। जैसे-गुलाब, मनीप्लांट या पत्तों वाले पौधे। सूखी चायपत्ती को 10-15 दिन के बाद आप गमलों में सीधे भी डाल सकते हैं।

**प्याज के छिलके -**

प्याज के वेस्ट छिलकों को पानी में डुबो कर एक दिन के लिए छोड़ दें। छान कर फूलों वाले पौधों में दे। यह लिक्विड फर्टिलाइजर पौधों के लिए बहुत अच्छा है। सप्ताह में दो बार स्प्रे भी कर सकते है या मिट्टी में डाल सकते हैं।

# क्रिसमस हम सभी के लिये है बड़ा दिन

**सौमेन मुखर्जी**

**भारत** एक पर्व त्योहारों वाला देश है इसी क्रम में जाड़े मौसम के अंतगर्त 25 दिसम्बर को प्रभु यीशु की जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाये जाने वाले प्रमुख त्योहार क्रिसमस जिसे बड़ा दिन के रूप में सभी लोग हर्षोल्लासपूर्वक मनाते है। और इसका अलग महत्व भी है, क्योंकि प्रभु यीशु न केवल मसीही समुदाय के भगवान है बल्कि उनका उपदेश व वाणी आज भी लोंगों में भाईचारे व मानवता का संदेश देता है। जो हमारे लिए आज भी प्रासंगिक है। उनके बताये मार्ग पर चल अपनी राह में आने वाली बाधाओं को दूर करने में सहायक सिद्ध होती है। उनका उपदेश आज भी पूरे देश में भाईचारे व प्रेम का संदेश को बढ़ावा दे रहें हैं। हमारे बेहतर समाज निर्माण को गति प्रदान करती है। इसलिये यह त्योहार हम सभी के लिए वाकई बड़ा दिन है। इस अवसर पर हम मिल-जुलकर प्रेम व भाईचारे का संदेश बांटकर खुशियां मनाते है एवं बांटते है और दुनिया में फैली अन्धकार व व्यभिचार को दूर करते हैं। हालांकि क्रिसमस पर्व मुख्य रूप से इसाई समुदाय से जुड़े लोंगों के लिए है, जिसे वे पूरे विश्व में एक अलग उत्साह तथा अंदाज में मनाते है। जिसका इंतजार हमें साल भर रहता है, मालूम हो कि सदियों पहले जब किंग ऑगस्टस के दुष्ट लोंगों ने यीशु समेत उनके अनुयायियों पर अत्याचार कर रहे थे तथा उनके प्रेम व मानवता के सिद्धांत को कुचला जा रहा था तथा उनपर बहुत जुल्म भी ढाए गए जिससे कुछ लोग ईश्वर के प्यारे भी हो गए थ। इसे देखकर ईश्वर को वास्तव में यह अहसास हव कि इस समय धरती पर ऐसे मुक्तिदाता की जरुरत है जो उन लाचार व गरीब लोंगों दुःख व दर्द ही नहीं दूर करे बल्कि उनपर हो रहे अत्याचार से भी उससे मुक्ति दिलाया। इस समय ईश्वर की विशेष आविर्भाव एवं दैवी शक्ति, माता मरिया तथा पलक पिता जोसेफ की आशीर्वाद से धरती पर मुक्तिदाता के रूप में यीशु का पदापर्ण (आगमन) हुआ और तत्पश्चात लोगों को उनके अथक प्रयास, मधुर वचन व उपदेश (जो प्रेम व भाईचारे को बढावा देकर



मानवता फैलाये) से संसार के काफी लोग प्रभावित हुए। दुष्ट लोगों के पराक्रम से समुचित मुक्ति भी मिली प्रभु यीशु गरीबों के लिए मसीहा थे उन्होंने उन असहायों के लिए यथासंभव पीड़ा दूर किए और मानवता व प्रेम तथा भाईचारे की सच्चा पाठ भी पढाया जिनका अस्तित्व आज भी कायम है। और उनके आदर्श व उपदेश तथा वाणी को समाज में आज भी लोग उसे आज भी अपना रहे है। उन्हें आज भी प्रभु यीशु कहकर पुकारते एवं समाज, देश तथा पुरे विश्व की कल्याण व अमन के लिए प्रार्थना भी करते है। समाज से अंधेरा एवं अत्याचार से मुक्ति दिलाना ही यीशु का ध्येय था

संत अन्ना बालिका महाविद्यालय, राँची के प्राचार्या सिस्टर के अनुसार न केवल किसी विशेष समुदाय बल्कि सभी लोगों के दुःख दर्द तथा उनपर हो रहे अत्याचार से उन्हें निजात दिलायी और सभी समुदाय के लोग अलग अलग अंदाज व रूपों में उन्हें पूजते है तथ्य उनके बताये मार्गो पर चलकर समाज के बुराईयों तथा अँधेरे को मिटाने की कोशिश में तत्पर लगे रहते है इसलिए क्रिसमस तथा बड़ा दिन उनके लिए विशेष महत्व रखता है देश व समाज के लोग इस अवसर गिरजाघर या घर में स्थापित प्रभु यीशु (प्रभु यीशु के अलावे माता मारिया, फाठेर जोसेफ व चरवाहे आदि नजर आते है) एवं माता मारिया के चित्र एवं प्रतिमा के समक्ष कैंडल (मोमबती) जलाकर, केक काटकर, एक दूसरे को शुभकामनाये व उपहार दे कर हर्षोल्लासपूर्वक मनाते इसलिए क्रिसमस हम सभी के लिए वास्तव में यह कोई बड़ा दिन से कम नहीं है । नव वर्ष 2025 सभी के लिये मंगलमय हो और पूरी दुनिया में सुख शांति का माहौल बने रहे।

दुनिया की आर्थिक दशा



# एक वर्ष में कोडरमा जिले के विभिन्न हादसों में 244 लोग बने काल के ग्रास

● सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटना में हुई हैं मौतें

उमा शंकर


सदर अस्पताल, कोडरमा


सिविल सर्जन, कोडरमा


सड़क

**कोडरमा।** वर्ष 2024 बीतने को है और नया वर्ष 2025 का आगाज होने जा रहा है। वर्ष 2024 कई खट्टे मीठे संदेशों को समेटे जा रही है। इन सबके बीच जो सबसे बड़ी बात है वह यह है कि वर्ष 2024 में अब तक जिले में विभिन्न कारणों से 244 लोगों की मौतें असमय हो गयी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध आंकड़ों की गौर करें तो सबसे ज्यादा मौतें सड़क हादसे में हुए, जनवरी से अब तक 99 लोगों की मृत्यु सड़क हादसे में हो गयी। जबकि सड़क सुरक्षा पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों पर सरकार लाखों खर्च कर रही है। विभाग से प्राप्त आंकड़ों को देखा जाये तो वर्ष 2024 के जनवरी में 6 लोगों की मौत सड़क हादसे में हुई, फरवरी से लेकर अप्रैल तक प्रत्येक माह 9-9 लोगों की मौतें विभिन्न सड़क हादसे में हुई, वहीं मई माह से सड़क हादसों में मरने वालों की संख्या बढ़ी है, मई माह में 10 लोगों की मौतें सड़क हादसे में हुईं, जून में 6, वर्ष 2024 के जुलाई माह में सर्वाधिक मौतें सड़क हादसे में हुई, जुलाई माह में 11 मौतें सड़क हादसे में हुई, अगस्त और सितंबर में 10-10, अक्टूबर में 6 जबकि नवम्बर माह में 7 और दिसम्बर में अब तक 6 लोगों की मौत सड़क हादसे में हुई है।

**तो क्या कोडरमा में बढ़ रही है आत्महत्या की प्रवृति?**

विभागीय आंकड़ों को गौर करें तो जहर खाने, फांसी और पानी में डूबने से वर्ष भर में 76 लोगों की मौतें हुई हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि कोडरमा जिले में आत्महत्या की प्रवृति बढ़ रही है, जो चिंता का विषय है। पिछले वर्ष जहर खाने और फांसी से मरने वालों की संख्या 79 थी, हालांकि इस वर्ष इसमें कमी आयी है। माहवार बात करें तो जहर खाने, फांसी और पानी में डूबकर मरने वालों की संख्या जनवरी माह में 5 मामले दर्ज किए गए, वहीं फरवरी में 4, मार्च में 4, अप्रैल में 5, मई में एक, जून माह में 5, जुलाई में 11, अगस्त और सितंबर और अक्टूबर में 9-9, नवम्बर में 5 और दिसम्बर में अब तक 9 मौतें हुई हैं। इसके अलावे स्वाभाविक रूप से 48, हत्या से 6, करंट लगने से 10 और वज्रपात से 5 लोगों की मौत हुई है। उपरोक्त आंकड़ा सिर्फ स्वास्थ्य विभाग का है।

**हिट एंड रन के 24 मामले में दिया गया मुआवजा :** वर्ष 2024 के जनवरी से लेकर नवम्बर तक हिट एंड रन के 24 मामले दर्ज किए गए, जिला परिवहन विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कोडरमा थाना क्षेत्र से 7, तिलैया थाना क्षेत्र से 8, चंदवारा से 4, डोमचांच से 3 और जयनगर थाना क्षेत्र से 2 मामले दर्ज किए गए। वहीं डीटीओ विजय कुमार सोनी ने बताया कि हिट एंड रन मामले में जनवरी से नवम्बर तक 24 मामले दर्ज किए गए, इन मामलों में प्रति मृतक के आश्रित को 2-2 लाख रुपये बतौर मुआवजा दिया गया।

**क्या होता है हिट एंड रन :** डीटीओ श्री सोनी ने बताया कि सड़क हादसे के दौरान यदि किसी व्यक्ति की मौत हो जाती है और संबंधित वाहन एक्सीडेंट कर घटनास्थल से फरार हो जाता है, तो इस तरह के मामले हिट एंड रन की श्रेणी में आता है। विभागीय निर्देशानुसार मृतक के आश्रित को बतौर दो लाख का मुआवजा दिया जाता है। इसके अलावे गम्भीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रुपये बतौर मुआवजा दिया जाता है, यह राशि उक्त पीड़ित को दिया जाता है, जिसका सड़क हादसे से शरीर का कोई एक अंग स्थायी रूप से कार्य करना बंद कर दे।

**नेक नागरिक के रूप में 4 लोगों को दी गयी सम्मान राशि :** एक ओर सरकारें सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विविध उपाय कर रही है, तो दूसरी ओर सड़क हादसे में घायल लोगों को अविलंब चिकित्सा सुविधा मिले और तत्काल घायल की जान बचाया जा सके, इसके लिए नेक नागरिक सम्मान योजना को भी बढ़ावा दे रहे हैं, ताकि लोग बेझिझक होकर घायलों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने में मदद कर सकें। इस योजना के तहत सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को यदि कोई व्यक्ति उसे हॉस्पिटल पहुंचाता है तो न केवल उस व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाता है, बल्कि उसे नेक नागरिक सम्मान का पुरस्कार स्वरूप 2 हजार रुपये जिला परिवहन विभाग से दिया जाता है। इस वर्ष इस योजना के तहत 4 लोगों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावे केंद्र सरकार की ओर से 5 हजार रुपये दिया जाता है। केंद्र से मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के लिए उपरोक्त चारों की अनुशंसा कर, विभाग को भेजा गया है। वहीं डीटीओ ने बताया कि पहले की तुलना में इस वर्ष सड़क हादसों में कमी आयी है, मगर यह नाकाफी है। उन्होंने बताया कि ओवर स्पीड, ट्रिपल लोड, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट बांधे वाहन चलाने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने, रॉग साइड वाहन चलाने, सड़कों का खस्ताहाल, शराब पीकर गाड़ी चलाने आदि सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण है। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों में कमी लाने के लिए हर स्तर से उपाय किया जा रहा है। नियमित रूप से सड़क सुरक्षा कार्यक्रम, यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान, नियमित रूप से वाहनों की चेकिंग की जा रही है। वहीं उन्होंने कहा कि सड़क हादसे कम से कम हो इसके लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है, मगर इसमें सामाजिक जागरूकता और दायित्वों का भी जरूरत है। टीनएजर बाइक नहीं चलाये, इसके लिए माता-पिता को पहल करने की जरूरत है, यदि कोई बिना सीट बेल्ट बांधे कार चला रहे हों अथवा बिना हेलमेट बाइक चला रहे हों तो घर के लोग भी इसका विरोध करें, उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें तो सड़क हादसे में काफी कमी आ सकती है।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम बन रहा है रामबाण

● वर्ष 2023 के मुकाबले 2024 में सड़क हादसे में मृतकों की संख्या में आई कमी

जिला परिवहन विभाग और पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम, नियमित वाहन चेकिंग अभियान समेत अन्य कार्यक्रमों का सकारात्मक परिणाम अब धीरे धीरे मिलने लगा है एवं सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या में इस वर्ष कुछ कमी आयी है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों को गौर करें तो वर्ष 2024 में जनवरी से लेकर अब तक सड़क हादसे में 99 लोगों की मौतें हुई, जबकि पिछले वर्ष 2023 में 120 लोगों की मौतें सड़क हादसे में हुई थी, वहीं वर्ष 2022 में सड़क हादसों में मरने वालों की संख्या 135 थी, जबकि अन्य वर्षों की बात करें तो वर्ष 2018 में सड़क हादसे से 111, वर्ष 2019 में 103 और वर्ष 2020 यानी कोरोना काल में मात्र 87 मौतें सड़क हादसे में हुई थी।

### तनावपूर्ण जीवनशैली आत्महत्या का कारण : सिविल सर्जन डॉ.अनिल कुमार

इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ.अनिल कुमार ने कहा कि आत्महत्या के बहुत से कारण होते हैं, उनमें से तनावपूर्ण जीवनशैली प्रमुख है। आज के भागदौड़ की जिंदगी में हर कोई तनाव में रहता है, उनमें से कुछ लोग तनाव झेल नही पाते हैं और इस तरह का कदम उठा लेते हैं, मगर किसी भी समस्या का समाधान आत्महत्या नहीं होता, इस तरह का कदम कमजोर लोग उठाते हैं, बहादुर लोग समस्या का समाधान करने के लिए संघर्ष करते हैं। उन्होंने कहा कि परिवार और समाज से स्वस्थ माहौल देने की जरूरत है, साथ ही सामाजिक जागरूकता से भी इस पर अंकुश लगाया जा सकता है।

## स्पीड न्यूज

### कोडरमा घाटी में तीन फ्लाई ऐश लदे वाहन हुए खराब, घंटों रोड जाम



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नौवांमाइल घाटी में फ्लाई ऐश लदे तीन वाहन एक ही जगह खराब हो जाने के कारण घाटी में लंबी जाम लग गई। जिसके बाद कोडरमा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर क्रेन के माध्यम से सभी वाहनों को सड़क से किनारे कर जाम को खुलवाया, जिसके बाद आवागमन सुचारू रूप से शुरू की गई। बताते चलें कि कोडरमा घाटी में अक्सर फ्लाई ऐश लदे वाहन ब्रेक डाउन हो जाने के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर ने एसडीओ आवास गेट में मारी टक्कर, बाल बाल बचे राहगीर



**कोडरमा।** सिविल कोर्ट के समीप ईंट लोड ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर एसडीओ आवास के गेट में टक्कर मार दी। बता दें कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुई है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर रजौली से ईंट लोड कर कोडरमा की ओर आ रही थी। इसी दौरान उपस्थित लोगों ने बताया कि ट्रैक्टर चालक काफी नशे में ट्रैक्टर चला रहा था, जिस कारण यह घटना हुई है। वहीं घटना के बाद कोडरमा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर चालक को अपने हिरासत में लेते हुए थाना ले गयी।

### आदर्श प्लस टू उवि मधवाटांड़ का शैक्षणिक भ्रमण



कोडरमा। आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ के बच्चे, शिक्षक-शिक्षिकाएं और शिक्षकेत्तर कर्मचारी नालंदा जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत राजगीर और नालंदा विश्व विद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किए। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चे राजगीर के इतिहास से संबंधित विभिन्न जानकारी हासिल की, जो पांच पर्वतों से घिरी है, उन्हें ब्रह्मकुमारी कुण्ड और वेणुवन उद्यान, विपुल गिरी पर्वत से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही नालंदा विश्वविद्यालय जो भारत की पौराणिक शैक्षणिक धरोहर है, उसके इतिहास की पृष्ठभूमि बच्चों को बताई गई। बच्चे इस शैक्षणिक भ्रमण का भरपूर आनंद लिए और खुशी मनाये। मौके पर अर्जुन चन्द्र यादव, रवींद्र कुमार रवि, महेन्द्र कुमार राणा, दीपक कुमार, महेन्द्र कुमार पांडेय, गोपाल यादव के अलावे सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।

### पत्नी की गुमशुदगी को ले पति ने दिया थाना में आवेदन



**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रौशन बागी निवासी नूर आलम पिता अख्तर शाह ने पत्नी के अचानक गायब होने से काफी परेशान है। काफी खोजबीन के बाद नहीं मिलने पर शनिवार को थाना में आवेदन देकर गुमसुदगी का मामला दर्ज कराया है। दिये गये आवेदन में नूर आलम ने कहा है कि मेरी शादी अक्टूबर माह 2024 को आइसा खातुन पिता पिता मो. यूनुस, ग्राम पिपराडीह जयनगर निवासी के साथ हुई थी। शादी के बाद मेरी पत्नी कहती थी कि मेरे माता-पिता जबरदस्ती मेरी शादी आपसे करवा दिए हैं, मैं आपके साथ नहीं रहूंगी। वहीं 27 दिसम्बर 2024 को मेरी पत्नी 9 :30 बजे रात्रि घर से निकल गयी। वह अपने साथ जेवर व घर में रखे पचास हजार नकद लेकर निकली है। वहीं पीड़ित पति ने बताया कि उसकी पत्नी का कद 05 फीट है और उसने लाल रंग की सूट पहन रखी है। वहीं थानाध्यक्ष सौरभ कुमार शर्मा ने बताया कि पीड़ित पति के आवेदन के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर खोजबीन जारी कर दी गयी है।

### आवारा कुत्ते ने पिता पुत्र को काटकर किया घायल

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बगड़ो पंचायत के गैठीबाद में एक अवारा कुत्ता ने शनिवार को एक पिता और पुत्र को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पहले कुत्ते ने खेल रहे बच्चे चिंकू कुमार को घायल किया। घायल करने की खबर सुनकर अपने पुत्र को बचाने गये पिता अशोक यादव को भी कुत्ते ने काटकर जख्मी कर दिया। वहीं घायल दोनों पिता-पुत्र को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल भेज दिया गया। इस घटना को लेकर गैठीबाद में दहशत का माहौल है।

### कामता के युवक की सड़क दुर्घटना में मौत, एक घायल, ग्रामीणों ने सड़क सुधार की मांग की

**टंडवा (चतरा)।** शुक्रवार को गाड़ीलौंग डाडी कुआं के समीप हुए एक सड़क हादसे में कामता गांव के एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को हजारीबाग सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क पर कई स्थानों पर ढलाई अधूरी है और कुछ जगहों पर ठोकर दी गई है, जिससे अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। इस हादसे के बाद कामता गांव में शोक का माहौल है। घटना के बाद ग्रामीणों ने एनटीपीसी प्रबंधन और जिला प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क सुधार की मांग की है। उन्होंने ठोकर हटाने और अधूरी ढलाई वाले हिस्सों में मिट्टी भरकर सड़क को समतल करने का अनुरोध किया है ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। इस अवसर पर रौशन अंसारी, जियाउल हक, मोबिन अंसारी, गुड्डू, मोईन अंसारी, गुलाम सरवर, राजिंदर राम, और इम्तियाज अंसारी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की अपील की।

## आरटीई 2019 के कड़े नियमों के खिलाफ प्राइवेट स्कूलों ने जताया विरोध

● प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मिलकर मांग पत्र सौंपा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** झारखंड की राजधानी रांची के मोहराबादी मैदान में झारखंड के विभिन्न प्राइवेट स्कूलों के संगठन की संयुक्त बैठक रांची के मोराबादी मैदान में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने की तथा संचालन प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव मसूद कच्ची ने किया। कार्यक्रम में कोडरमा जिले से जिला अध्यक्ष बीएनपी बर्णवाल, कोडरमा महासचिव अभय कुमार, आरिफ अंसारी, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार यादव, मीडिया प्रभारी दीपक कुमार, रंजीत पांडेय, दीपक कुशवाहा, नीलकंठ, यतेंद्र शर्मा, रविंद्र कुमार, हफीजुल्लाह, उमर, रविंद्र, सिकंदर यादव, पल्लव बर्णवाल, दिलीप राम, रामनारायण यादव, अजय कुमार, भुनेश्वर कुमार, दिलीप बर्णवाल, अरविंद कुमार, महावीर प्रसाद एवं कोडरमा जिले के सैकड़ों संचालक उपस्थित थे। वहीं उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने संबोधन में कहा कि झारखंड सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के द्वारा 2019 में आरटीई एक्ट में किया गया संशोधन को तत्काल निरस्त करें और देश के विभिन्न राज्यों में मिल रहे मान्यता के तर्ज पर झारखंड में भी संचालित यू-डाइस प्राप्त सभी विद्यालयों को मान्यता देने का कार्य करें। बैठक के बाद एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मिलकर एक मांग पत्र सौंपा। शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया कि नियम में कुछ शिथिलता लाते हुए यू-डाइस प्राप्त सभी विद्यालय को मान्यता देने का कोई उपाय किया जाएगा। सभा का समापन प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश सचिव तौफीक हुसैन ने किया।

## प्रखंड स्तरीय रवि फसल कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग कृषि विभाग झारखंड के निर्देश पर जिला कृषि पदाधिकारी के आदेशानुसार प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित शनिवार को सभागार में प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय रवि फसल कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित बीटीएम जावेद अख्तर ने उपस्थित सभी किसानों को मिट्टी से संबंधित जांच, बीज उपचारित करने की विधि, जैविक खाद्य उपयोग की विधि, माली का प्रशिक्षण, दवा छिड़काव, मिट्टी का उर्वरक बनाए रखने के लिए खाद का प्रयोग, नींबू पौधा, पौधा में फसल नहीं देने पर दवा का उपयोग इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं प्रखंड प्रमुख ने उपस्थित सभी किसानों को प्रशिक्षण के माध्यम से अच्छे कृषक बन कर खेती करने की सलाह दी। वहीं उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर अच्छे किसान बनकर फसल से अच्छी कमाई करें। वहीं उन्होंने बीमा के बारे में भी किसानों को जानकारी दी। कार्यक्रम में सुरेन्द्र यादव, कालेश्वर यादव, सफीक अंसारी, बृजमोहन दास, मुमताज अंसारी, दामोदर कुशवाहा, शमीम अंसारी, ऐयाजुल अंसारी, रवि सिंह, अबरार आलम, भूषण मोदी, परमेश्वर दास, लालु यादव, अरुण यादव, शंकर कुमार यादव समेत दर्जनों किसान मौजूद थे।

## एक नजर में

### जविप्र दुकानदार ने महिला के साथ की मारपीट, पीड़िता ने थाने में आवेदन देकर लगायी न्याय की गुहार



**हंटरगंज।** थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत कनोदी गांव में राशन लेने गई महिला के साथ मारपीट की घटना का अंजाम दिया गया। इसको लेकर उक्त महिला ने शनिवार करीब 5 बजे थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। तिलक साव की पत्नी 38 वर्षीय बसंती देवी ने बताई कि जन वितरण प्रणाली दुकान पर राशन लेने के लिए गई हुई थी। राशन तौला कर जन प्रणाली दुकान से निकल ही रही थी कि अचानक जनवितरण प्रणाली दुकानदार झकसु भुईयां, ललन साव और बीटीस यादव तीनों कनोदी निवासी के द्वारा गाली - गलौज करते हुए मारपीट करने लगे और राशन का अनाज भी छीन लिया। मारपीट के दौरान मेरा हाथ कट गया है। वहीं जनवितरण प्रणाली दुकानदार झकसु भुईयां ने बताया कि अनाज रविवार यानि कल देना था लेकिन उक्त महिला आकर राशन ली जिसकी वजह से दो लोगों ने राशन छीन लिया। छीनने के क्रम में चूड़ी से हाथ कट गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### प्रतापपुर : बामी गांव में महिला और पुरुष की हत्या का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

**चतरा।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बामी गांव में एक महिला और एक पुरुष की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हत्या के पीछे अवैध संबंध और आपसी रंजिश का मामला सामने आया है। चतरा पुलिस और प्रतापपुर पुलिस ने इस कांड में मुख्य साजिशकर्ता साबिर मियां सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में संतोष भारती, विश्वनाथ भारती और विकास कुमार उर्फ विकास भारती के नाम भी शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि हत्या एक सोची-समझी साजिश के तहत की गई थी। मुख्य साजिशकर्ता साबिर मियां का महिला के साथ अवैध संबंध था। वहीं, मृतक पुरुष का भी महिला के साथ रिश्ता होने की बात सामने आई। इसी रंजिश और आपसी अनबन के चलते साबिर ने यह षड्यंत्र रचा और हत्या को अंजाम दिया। हत्या की क्रूरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दोनों को निर्मम तरीके से मारकर शवों को छिपाने का प्रयास किया गया था। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले को सुलझाने के लिए त्वरित कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी कि अब तक चार लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, लेकिन कुछ और लोग भी इस साजिश में शामिल थे। उनकी तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

### लावालौंग प्रखंड के बिरहोर टोला में विशेष सर्टिफिकेट कैंप का आयोजन



**चतरा।** आदिम जनजाति परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से शनिवार को लावालौंग प्रखंड के बिरहोर टोला में विशेष सर्टिफिकेट कैंप का आयोजन किया गया। यह शिविर उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसमें अंचल अधिकारी सुमित कुमार झा सहित कई अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस कैंप का उद्देश्य उन आदिम जनजाति परिवारों को सहायता प्रदान करना था, जिनके पास जातीय एवं आवासीय प्रमाणपत्र नहीं होने के कारण वे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे थे। शिविर में ऐसे परिवारों के जातीय और आवासीय प्रमाणपत्र बनाए गए। साथ ही, बच्चों को विद्यालय जाकर शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया गया। अंचल अधिकारी सुमित कुमार झा ने बताया कि जिले भर में आदिम जनजाति परिवारों को शत-प्रतिशत योजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। बिरहोर टोला में आयोजित इस शिविर में जिला प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया और उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में लावालौंग मुखिया नेमन भारती, राजस्व उप निरीक्षक चंद्रदीप गांधी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने आदिवासी परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और उनके लाभ के लिए प्रमाणपत्र बनाने की प्रक्रिया को सुगम बनाया। इस पहल से आदिम जनजाति परिवारों में उत्साह देखा गया। उन्होंने जिला प्रशासन और अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

## शिक्षा ही जीवन की सच्ची पूंजी है : सांसद कालीचरण सिंह

● मेधावी छात्र जितेंद्र कुमार को पढ़ाई के लिए सांसद ने दी आर्थिक सहायता

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देते हुए चतरा के सांसद कालीचरण सिंह ने एक मेधावी लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर छात्र जितेंद्र कुमार की मदद कर समाज में सेवा भावना की मिसाल पेश की है। जिले के लावालौंग प्रखंड क्षेत्र के कटिया गांव निवासी जितेंद्र कुमार, जिनकी माता का निधन हो चुका है और पिता वृद्धावस्था में हैं, अपनी पढ़ाई के लिए संघर्ष कर रहे थे। आठवीं तक की शिक्षा पकरिया अनाथ आश्रम से पूरी करने के बाद वह वर्तमान में आरडीएस कॉलेज, चतरा में 12वीं कक्षा के छात्र हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उनकी पढ़ाई बाधित हो रही थी। अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए जितेंद्र ने सांसद कालीचरण सिंह से आर्थिक मदद की अपील की। सांसद ने संवेदनशीलता दिखाते हुए न केवल उनकी फीस का प्रबंध किया, बल्कि आगे की पढ़ाई के लिए भी उन्हें प्रेरित किया। इस कदम से जितेंद्र का भविष्य उज्ज्वल बनाने में सहायता मिली है। जितेंद्र और उनके परिवार ने इस सहयोग के लिए सांसद के प्रति आभार प्रकट किया। इस घटना ने न केवल जरूरतमंद छात्रों को प्रोत्साहित किया है, बल्कि समाज को शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया है। सांसद कालीचरण सिंह का यह प्रयास न केवल उनके सेवा भाव को दर्शाता है, बल्कि यह समाज के लिए प्रेरणा स्रोत भी है। उन्होंने कहा, शिक्षा ही जीवन की सच्ची पूंजी है। हर बच्चे को पढ़ाई का अधिकार मिलना चाहिए, और मैं इसके लिए हमेशा तत्पर रहूंगा।

### प्रीति ने बीपीएससी शिक्षक परीक्षा में पाई सफलता, बनी बेटियों के लिए प्रेरणा



**टंडवा।** प्रखंड के सिसई गांव निवासी परमानंद पांडेय की पुत्री प्रीति कुमारी ने बिहार में बीपीएससी प्लस टू शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से सिसई और ससुराल पड़रिया बोधगया में खुशी का माहौल है। प्रीति की इस सफलता पर उनके चाचा, भाजपा नेता ईश्वर दयाल पांडेय ने कहा, बेटा एक कुल का नाम रोशन करता है, जबकि बेटी दो कुलों का। प्रीति ने यह सिद्ध कर दिया। बेटियों की शिक्षा न केवल परिवार बल्कि समाज के लिए प्रेरणादाई है। शिक्षा से ही संस्कार, चरित्र और विचारों की श्रेष्ठता विकसित होती है। प्रीति की प्रारंभिक शिक्षा सिसई गांव से हुई। इसके बाद उन्होंने विद्या मंदिर, हजारीबाग से मैट्रिक और विमेंस कॉलेज से आईकॉम, बीकॉम व एमकॉम की पढ़ाई पूरी की। हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय से बीएड की डिग्री प्राप्त करने के बाद प्रीति ने अपने लक्ष्य की ओर ध्यान केंद्रित किया। चार वर्ष पहले शादी के बाद भी घर-परिवार की जिम्मेदारियों को निभाते हुए उन्होंने अपनी तैयारी जारी रखी और आज इस सफलता को हासिल किया। प्रीति की सफलता पर उनके पिता परमानंद पांडेय गर्व महसूस कर रहे हैं। वहीं, ससुराल में उनके ससुर कामेश्वर तिवारी ने प्रीति की मेहनत और कार्यदक्षता की सराहना की। सिसई और पड़रिया बोधगया के लोगों ने भी खुशी व्यक्त की और प्रीति को बधाई दी। प्रीति ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार और अपने शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा, मेरी सफलता में मेरे माता-पिता और ससुराल पक्ष का बड़ा योगदान है। उन्होंने हमेशा मेरा हौसला बढ़ाया।

## चतरा की पलक ने सीए फाइनल परीक्षा में लहराया परचम

● कड़ी मेहनत और समर्पण से पाई बड़ी सफलता

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने सीए फाइनल परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में चतरा की होनहार छात्रा पलक अग्रवाल ने दोनों ग्रुप में सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। पलक की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और नियमित पढ़ाई का परिणाम है। उन्होंने बताया कि परीक्षा की तैयारी के दौरान वह रोजाना 10 से 12 घंटे पढ़ाई करती थीं। पलक ने प्राथमिक शिक्षा इंदुमती टिबड़ेवाल स्कूल, चतरा से और 10वीं की पढ़ाई डीएवी चतरा से पूरी की। 11वीं और 12वीं की शिक्षा उन्होंने डीएवी कपिल देव, रांची से पूरी की। ग्रेजुएशन के साथ-साथ सीए की पढ़ाई उन्होंने रांची में रहकर की और आज यह मुकाम हासिल किया। पलक की इस उपलब्धि से उनके परिवार और चतरा जिले में हर्ष का माहौल है। उनके पिता सुनील कुमार अग्रवाल, जो मधुकुंज, मारवाड़ी मोहल्ला के निवासी हैं, और मां अनीता अग्रवाल ने अपनी बेटी की सफलता पर गर्व जताया। पलक ने भी अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुओं को दिया, जिन्होंने हर कदम पर उनका मार्गदर्शन और समर्थन किया। पलक ने बताया, सीए परीक्षा देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है। यह मेरी मेहनत और माता-पिता व गुरुजनों के सहयोग का नतीजा है कि मैं इस परीक्षा में सफल हो पाई। उनका मुझ पर भरोसा और समर्थन मेरी सबसे बड़ी ताकत है। इस साल सीए फाइनल परीक्षा में एक लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए, जिसमें से केवल 11 हजार ने सफलता हासिल की। पलक की इस सफलता ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जिले का गौरव बढ़ाया है। परिजनों और शुभचिंतकों ने पलक के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उनकी इस उपलब्धि से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी कि समर्पण और परिश्रम से हर मुश्किल को पार किया जा सकता है।

## स्पीड न्यूज

### युवा पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी ले भाग : खुशमन नायक



**गुमला।** नेहरू युवा केंद्र गुमला एवं झिलमिल युवा क्लब सिलम के तत्वाधान में रायडीह प्रखण्ड के सिलम आहरा टांड़ मैदान में प्रखंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फुटबॉल प्रतियोगिता, दौड़ सहित कई प्रकार का खेल कूद प्रतियोगिता करायी गयी। फुटबॉल मैच प्रतियोगिता में कई टीमें भाग लिया। फाइनल मैच एस एफ सी सिलम एवं युवा क्लब पंदन टोली के बीच खेला गया। फाइनल फुटबॉल मैच प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि समाज सेवी खुशमन नायक ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं सिका उछाल कर मैच का उदघाट्न किया। फाइनल फुटबॉल मैच में निर्धारित समय सीमा के अंदर दोनों टीम अपना बेहतर खेल दिखाते हुए बराबरी पर रही। पेनल्टी शूटआउट में एस एफ सी सिलम की टीम विजेता बनीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खुशमन नायक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि नेहरू युवा केंद्र युवाओं के प्रतिभा को निखारने के लिए प्रत्येक वर्ष खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित करती है और राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। खुशमन नायक ने युवाओं को पढ़ाई लिखाई के साथ साथ खेल कूद में भी भाग लेकर अपने परिवार एवं देश का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया और विजेता एवं उप विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर झिलमिल युवा क्लब के अध्यक्ष जीतू नायक, सचिव विक्की नायक, शक्ति नायक, मुकेश नायक,कमल नायक, विवेक नायक, आशीष नायक, तरुण नायक, विजय नायक, सूर्या नायक, फिल्मन महतो, सहित कई लोग मौजूद थे।

### घाघरा प्रखंड प्रशासन ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन



**घाघरा।** ब्लॉक परिसर घाघरा में उपायुक्त के निदेर्शानुसार प्रखंड प्रशासन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में सीओ आशीष कुमार मंडल, थाना प्रभारी तरुण कुमार, व कई पंचायत के मुखिया, जनप्रतिनिधि, पुलिसकर्मी सहित ग्रामीणों ने रक्तदान किया इस क्रम में 57 लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान है। कई लोगों की जान रक्त नहीं मिलने के कारण चली जाती है। उपायुक्त के निदेर्शानुसार रक्तदान शिविर का आयोजन प्रखंड प्रशासन द्वारा किया गया है। ताकि लोगों को रक्त मिले और किसी की जान ना जाए। मौके पर मुखिया विनोद उरांव, आदित्य भगत, अशोक उरांव, राजेश उरांव, सावित्री कुजूर, पुष्पा कुमारी उपस्थित थे।

### तस्करी के लिए ले जा रहे 21 पशुओं को पुलिस ने किया जब्त

**रायडीह।** रायडीह थाना क्षेत्र के परसा गांव के पास पगडंडी रास्ते से रायडीह पुलिस ने 21 मवेशी को पकड़ कर जब्त कर लिया। कासिर से होते हुए गुमला की तरफ पगडंडी रास्ते से मवेशियों को हांकते हुए मवेशी तस्कर ले जा रहे थे। इसकी गुप्त सूचना रायडीह पुलिस को मिली उसके बाद रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने दल बल के साथ परसा आए और जैसे ही तस्करों ने पुलिस को देखा तस्कर भागने लगे और भागने में समर्थ रहे।उसके बाद पुलिस ने मवेशी को थाना ले आए उसके बाद अग्रतर करवाई करते हुए। जरूरत मंद ग्रामीणों को वितरित कर दिए।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के कुहीपाट बरवाटोली गांव निवासी युवक आजाद उरांव ने सेमरटोली टांड स्थित बरगद के पेड़ में गमछा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक आजाद शुक्रवार के शाम 7 बजे घर से निकला। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा काफी खोज दिन की गई । लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। वही सीमरटोली टाड़ स्थित बरगद के पेड़ पर फांसी पर झूलता हुआ युवक को बांस काटने वाले लोगों ने देखा। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### बोलेरो ने स्कॉर्पियो व स्कूटी सवार को मारी टक्कर, स्कूटी सवार घायल

गुमला। रांची गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो थाना क्षेत्र के नवाटोली नहर पुल के समीप शुक्रवार की देर शाम को बोलेरो ने स्कूटी सवार और एक स्कॉर्पियो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बोलेरो सड़क पर ही पलट गया। इस दुर्घटना में स्कूटी सवार डुमरी थाना क्षेत्र के आकासी पतरीटोली निवासी पॉल तिर्की (30) गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ ही उसका स्कूटी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि बोलेरो में सवार दो युवक बाल बाल बच गए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## सादगी की प्रतिमूर्ति थे डॉ मनमोहन सिंह : केशव महतो

### जिला कांग्रेस कमेटी ने पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता


**गुमला।** जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष चैतु उरॉव की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय एस एस स्कूल रोड गुमला में पूर्व प्रधानमंत्री स्व मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दिया गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखा गया। मौके पर अध्यक्ष झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी केशव महतो कमलेश, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचु सभी अतिथियों के द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि 92 साल की आयु में दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे भारत गणराज्य के 13 वें प्रधानमन्त्री थे। साथ ही वे एक अर्थशास्त्री भी थे। वे जवाहरलाल नेहरू के बाद भारत के पहले ऐसे प्रधानमन्त्री बने जिनको दस वर्षों का कार्यकाल सफलता पूर्वक पूरा किये। मनमोहन सिंह का जीवन हमेशा यह सबक देगा कि कैसे कोई व्यक्ति अभाव और संघर्ष से ऊपर उठकर सफलता प्राप्त कर सकता है। मनमोहन सिंह का जीवन उनकी ईमानदारी, सादगी का प्रतिबिंब था। वे एक प्रतिष्ठित सांसद थे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अरुण साहू, सतीस, आंशिक अंसारी, अखिल रहमान, बिष्णु राम, मानिकचंद साहू, खालिद शाह, राम निवास प्रसाद, कलाम आलम, मुरली मनोहर प्रसाद, फिरोज आलम, तरुण गोप, लोहरा उरॉव, खुर्शीद आलम, देवा साहू, गुलाम सरवर, बैबुल अंसारी, साहेब वशीम, मिरा हामिद, अजित केरकेट्टा, पवन केवट ज्योति कुजुर, क्रिस्टीना टोप्पो, ललिता देवी, क्रिस्टीना तिर्की, राजु उरॉव, रोशन उरॉव, सुनील उरांव, बेलसाजर मिंज, अजहर अली, सुषमा नाग, राजु महतो, दिपक कुमार, गंगा उरांव, दामोदर प्रसाद, भुनेश्वर राम, इकरामुल हक उपस्थित थे।



स्वर्गीय डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी।

## डीसी ने सुनी चैनपुर व भरनो प्रखंड की समस्यायें

खबर मन्त्र संवाददाता



ऑनलाइन लोगों की समस्या सुनते उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी।

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में ई-जनशिकायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चैनपुर और भरनो प्रखंड के नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। कार्यक्रम में चैनपुर और भरनो प्रखंड से लगभग 20 आवेदकों ने अपनी समस्याओं का विवरण दिया। इन समस्याओं में पेंशन, राशन, जॉब कार्ड, और अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। उपायुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ऑन द स्पॉट समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि ई-जनशिकायत कार्यक्रम दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों के लिए राहत प्रदान करने का एक प्रभावी माध्यम है। यह उन नागरिकों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है जो जिला मुख्यालय तक आने में असमर्थ होते हैं। नागरिकों द्वारा उठाए गए मुद्दों में विद्यालय भवनों की जर्जर स्थिति, सिंचाई के लिए सुविधाओं का अभाव, डीप बोरिंग की आवश्यकता, सड़क निर्माण, पेंशन योजना, आधार कार्ड निर्माण आदि शामिल थे। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## डॉ मनमोहन सिंह देश के आर्थिक सुधारो के जनक थे : सुखैर भगत

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री महान अर्थशास्त्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह आर्थिक सुधारो के जनक थे। देश के प्रधानमंत्री के रूप में या फिर वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने हर फैसले से देश को मजबूत किया। एक सफल अर्थशास्त्री एक दूरदर्शी राजनेता एक विनम्र विद्वान और एक सौम्य व्यक्तित्व जिनकी नीतियों ने भारत को विश्व की कतार में लाकर खड़ा किया था। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, प्रदेश सचिव जगदीप भगत, रीना भगत, निशीथ जायसवाल साजिद अहमद चंगू, संदीप गुप्ता, मोहन दुबे प्रदीप विश्वकर्मा, हाजी सिकंदर सदरुल, मुजम्मिल अंसारी, शंभू प्रजापति, अनीस अहमद, जुगल भगत, कुणाल अभिषेक, असलम, कुद्दूश, यासीन, आजाद खान, रितेश सिंह मुस्ताक अहमद दिनेश गुप्ता, इनामुल, राजेश लाल, सोनू कुरैशी, नुसरत अंसारी, मोबिन, सुशीला देवी, अमृता उरांव, बबीता देवी, सनियारो, प्यारी उरांव, राजमुनि, जगमनी, अनीमा, नेहाल अहमद, मीर हसीबुल, मो आजम, तबरेज, बशीर, तुरिया टाना भगत, बरगी टाना भगत, इलियास, जियाउल, शाकिर, रियाज अंसारी, मदन प्रसाद व कांग्रेसी उपस्थित थे।

## गांवों में जाकर नियमित जांच करें स्वास्थ्य कर्मी : डीसी गुमला

### स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** जिला मुख्यालय में शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सिविल सर्जन, एसीएमओ, डेम, डीएस, तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं चिकित्सकीय कर्मी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा करना और आगामी अभियानों की तैयारियों को सुनिश्चित करना था। बैठक में फाइलेरिया मुक्त अभियान पर विशेष जोर दिया गया जो 10 फरवरी से 25 फरवरी तक आयोजित होगा। उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में फाइलेरिया से बचाव हेतु दवाइयों का वितरण किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाएं, दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे, एवं गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को छोड़कर सभी लोगों को दवा का सेवन कराना अनिवार्य होगा। बैठक के दौरान अस्पताल प्रबंधन समिति के कार्यों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में अनुपयोगी एवं खराब उपकरणों की मरम्मत और पुनः उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों के बुनियादी ढांचे के सुधार और ब्लड डोनेशन कैंप के आयोजन पर विशेष ध्यान देने को कहा। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को गांवों में जाकर नियमित स्वास्थ्य जांच करने और प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। टीबी मुक्त अभियान और सिकल सेल से संबंधित कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उन्होंने दिव्यांग प्रमाणपत्र, ओपीडी सेवाओं और एंबुलेंस प्रबंधन से संबंधित प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों को योजनाओं को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रेरित किया।

## गुमला : डीएवी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव 'स्पंदन' कार्यक्रम का आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** डीएवी गुमला में सृजन के अगले पड़ाव किशोरावस्था को समर्पित वार्षिकोत्सव स्पंदन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मैथ्स एग्जीविशन, एनुअल स्पोर्ट्स डे एवं एकेडमिक प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंधन समिति वाइस चेयरमैन विनय कुमार लाल, देवसागर सिंह, हरिकिशोर साही, शैलेंद्री दास, डीएवी गुमला प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहु, डीएवी सिमडेगा प्रधानाचार्य सुजॉय मिश्रा, अखिल कुमार, निर्मलकुमार, राजीव कुमार, बनवारीलाल अग्रवाल, पवनकुमार अग्रवाल समेत गणित शिक्षक पवित्र कुमार मोहंती, शैलेंद्र कुमार सिंह, चंदन कुमार झा, अभिजीत झा, संजीत कुमार ने संयुक्त रूप से मैथ्स एग्जीविशन का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में कुल 67 प्रदर्श लगाए गए। इसके पूर्व विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने अतिथियों की अगुवाई की। प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहु ने पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन हेतु आपकी उपस्थिति के लिए हम कृतज्ञ हैं। विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थी एकेडमिक्स, स्पोर्ट्स एवं अन्य कोकरिकुलर एक्टीविटी में राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा रहे हैं। विनय कुमार लाल ने कहा कि आज मुझे छोटे छोटे बच्चों में बड़ों से ज्यादा आत्मविश्वास दिखाई दिया।

जिस तरह से उन्होंने अपने विचारों को अभिव्यक्त किया वह काबिलेतारीफ है। उन्होंने इस भव्य कार्यक्रम के आयोजन के लिए विद्यालय की प्रशंसा की। नर्सरी से यूकेजी के छोटे छोटे बच्चों ने कम्युनिटी वर्कर थीम पर अपनी प्रस्तुति दी जिससे लोगों ने भूरी भूरी प्रशंसा की। वहीं कक्षा पंचम से सप्तम कक्षा ग्रुप के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य ने लोगों का मन मोह लिया। विगत सत्र के एकेडमिक प्राइज दिए गए। विद्यालय के खेल शिक्षक शांतनु कुमार पटनायक, करमवीर के मार्गदर्शन में बैलून रेस, मैथ्स रेस, स्पून रेस आदि कई रोचक खेलों का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मंच संचालन संजुक्ता खटुआ ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### कैरो प्रखंड उद्यान मित्र द्वारा किया गया सब्जी बीज का निशुल्क वितरण



**कैरो।** जिला उद्यान कार्यालय द्वारा उद्यान विकास योजना के तहत प्रखंड क्षेत्र के किसानों के बीच प्रखंड उद्यान मित्र द्वारा किसानों की आर्थिक आय बढ़ाने व उद्यान विभाग की योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने के लिए सब्जी बीज का वितरण निशुल्क किया गया। जिसके तहत बैगन, मिर्चा, भिंडी व कद्दू बीज का वितरण करते हुए प्रखंड उद्यान मित्र ने बताया कि विभाग द्वारा समय समय पर किसानों से अलग अलग योजनाओं के लिए आवेदन जमा लिए जाते हैं जिसके तहत सब्जी बीज, केला, पपीता, ड्रिप, मल्चिंग, नेट सेड, ग्रीन सेड, पॉली हाउस सहित अनेक ऐसी योजना हैं जो अलग अलग योजना के तहत, निशुल्क, 50 प्रतिशत अनुदान व अन्य माध्यम से दिया जाता है। साथ ही किसानों को उन्नत खेती और कृषि की नई तकनीकी के लिए समय समय पर जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय व राज्य के बाहर भ्रमण के लिए भी ले जाया जाता है। किसानों को चाहिए कि अपने प्रखंड उद्यान मित्र व उद्यान कार्यालय पर समय समय पर इसकी जानकारी लेते रहें और ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ उठावें। मौके पर सनुप हजाम, रविन्द्र सिंह, उमेश महतो, अमित उरांव, बजरंग, अनिल हजाम, रंजन ठाकुर, दीपक, कुंजल ठाकुर सहित किसान व ग्रामीण उपस्थित थे।

### देश को आर्थिक संकट से निकालने वाले डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर जेएनडी ने जताया शोक

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व मनमोहन सिंह की मृत्यु पर शोक प्रकट करते हुए कहा है कि स्व पीवी नरसिम्हा राव के सरकार में वित्त मंत्री मनमोहन सिंह देश को आर्थिक संकट से उभारने का काम किए थे। उनके द्वारा देश हित में प्रधानमंत्री रहते हुए अनेको सराहनीय कार्य किए गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री को हिंदुस्तान की जनता बहुत ही आभार से सदियों तक याद करते रहेगी। सिंह ने स्वर्गीय मनमोहन सिंह के निधन पर घोषित राष्ट्रीय शोक के दौरान झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा घोषित सभी सार्वजनिक कार्यक्रम को रद्द करने की घोषणा करते हुए कहा है कि देश ने एक बहुत ही दूरदर्शी नेता को खो दिया है। शोक प्रकट करने वालों में पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रकाश उरांव, आदित्य सिंह, शंकर उरांव, शिवप्रसाद साहू, भूषण सिंह, ललन साहू, रामप्यार तूरी, देसी उरांव, सुखदेव सिंह, बसंत बड़ाईक, धर्मपाल उरांव, शिवप्रसाद नायक, पुष्पा उरांव, कुशमा मिंज, बिलो भगत शामिल हैं।

## नये साल में शराब पीकर वाहन चलाने वालों की खैर नहीं : लोहरदगा डीटीओ

खबर मंत्र संवाददाता




**लोहरदगा।** जिले में लगातार बढ़ते सड़क दुर्घटना में लगाम लगाने को लेकर जल्द परिवहन विभाग सघन जांच अभियान शुरू करेगा। जिला परिवहन पदाधिकारी सुधीर प्रकाश के आदेशानुसार जिले में चलेगी सघन जांच अभियान सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए नए साल में चलाया जाएगा। सघन जांच अभियान साथ ही साथ सभी टैक्स डिफॉल्टर पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई। सभी टैक्स डिफॉल्टर जल्द से जल्द अपना टैक्स जमा करें। जिला परिवहन पदाधिकारी सुधीर प्रकाश ने बताया कि पूर्व के सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े के आकलन से दिसंबर तथा जनवरी माह में दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ जाती है जिनका मुख्य कारण ड्रंक एंड ड्राइविंग ओवर स्पीडिंग एवं रेस ड्राइविंग है। इस परिस्थिति में दुर्घटना संभावित क्षेत्र पिकनिक स्थल चौक चौराहा एवं अधिक आवागमन वाले स्थान पर ध्यान देने एवं सघन जांच अभियान चलाने तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर निदानात्मक उपाय संबंधी कार्य किया जाना अति आवश्यक है। जिसको लेकर सघन जांच अभियान लगातार चलाया जाएगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि शराब का सेवन कर किसी भी प्रकार का वाहन नहीं चलाया।

### बाइक व ऑटो की टक्कर में 3 घायल

**गुमला।** एनएच 23 रांची गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो थाना क्षेत्र के दुम्बो मंदिर के समीप शनिवार को बाईक और ऑटो की टक्कर में बाइक सवार सिसई थाना क्षेत्र के लकेया गांव निवासी कार्तिक लकड़ा (27), राजेन्द्र महली (25) और राजा लोहरा (25) गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार ये तीनो दोस्त एक ही बाइक में सवार होकर जुरा बाजार से भरनो की ओर जा रहे थे। इस क्रम में दुम्बो मंदिर के समीप तेज गति से सिसई की ओर जा रही एक ऑटो से बाइक की जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर मारने के बाद ऑटो वहां से रफ्फूचक्कर हो गया और बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिर गये। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक ट्रैक्टर ने युवकों को धक्का मार दिया। जिससे तीनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क में ही तड़पने लगे। दुर्घटना के बाद दुम्बो मंदिर के पुजारी दयानन्द पूरी ने तीनों घायलों को अन्य ग्रामीणो की मदद से एक ऑटो में लादकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो पहुंचाया।जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल कार्तिक लकड़ा, और राजेंद्र महली को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बाइक चालक राजा लोहरा को हल्की चोट लगी जिसे इलाज के बाद छुट्टी कर दी गई।

## लोहरदगा के प्राकृतिक स्थल पर्यटकों की है पहली पसंद







### नये साल में पर्यटकों से गुलजार रहता है पर्यटन स्थल

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में नए साल के स्वागत के लिए लोग पूरी तरह तैयार है वही जिले के पर्यटक स्थल भी लोगो को लुभा रही है। पहाड़ो से सजा लोहरदगा जिला को जहां एक ओर खनिज सम्पदा के उत्पादक जिले के रूप में जाना जाता हैं। वही लोहरदगा जिले की एक अलग पहचान यहां के पर्यटन स्थलों के कारण होती हैं। जिले में सात प्रखंड हैं और सभी प्रखंड में पर्यटकों के लिए अलग अलग तरह के पर्यटक स्थल मौजूद हैं। लोहरदगा के सेन्हा प्रखंड में स्थित धरधरिया झरना जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर है। वहां तक जाने में पर्यटन को 1 घंटे का समय लगता है। इस पर्यटन स्थल तक जाने के लिए लोग अपने दो पहिया या चार पहिया वाहनों का प्रयोग करते हैं। यहां पर ऊंचाई से चट्टानों से गिरता पानी पर्यटकों को अपनी खूबसूरती के लिए लुभाता है। घने जंगलों के बीच स्थित इस झरने में लोग नव वर्ष के अवसर पर पिकनिक के लिए आते हैं। वही कुडू प्रखंड में स्थित कांति झरना जो जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर की दूरी पर लाधूप सेन्हा में स्थित है। पर्यटन के आकर्षण का एक प्रमुख केंद्र माना जाता है। पहुंचने के लिए पर्यटक आमतौर पर दोपहिया वाहन और चार पहिया वाहन का सहारा लेते हैं। ठंड के मौसम में और नए साल के पर्यटन का समूह उमड़ पड़ता है। पेशरार प्रखंड में स्थित लावा पानी का झरना जो जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। यहां तक पहुंचाने के लिए लोग आमतौर पर अपने दो पहिया और चार पहिया वाहनों का प्रयोग करते हैं। इस झरने की खूबसूरती पहाड़ों के बीच में स्थित या झरना नौ स्तरों में पानी गिरता है इस झरने के बगल के ग्रामीण नव वर्ष में पर्यटकों की सुरक्षा का भी ख्याल रखते हैं ताकि पर्यटकों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना ना करना पड़े। इन सब पर्यटन स्थलों के अलावे पूल नंबर, भंडरा प्रखंड के बगल में स्थित अखिलेश्वर शिव मंदिर, नंदनी डैम, केकरांग झरना आदि पर्यटक स्थल भी हैं जिन स्थानों में लोहरदगा जिले के लोगों के साथ साथ जिले के बाहर से आए हुए पर्यटक भी अपने परिवार के साथ नव वर्ष की खुशियां मनाते हैं।

## गुमला विज्ञान केंद्र में साइंस हाइव ने किया नो-फायर कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** गुमला विज्ञान केंद्र में आयोजित 'साइंस हाइव' गतिविधि के अंतर्गत नो-फायर कुकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, जिसमें 15 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस रोचक और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को विज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। गुमला विज्ञान केंद्र में साइंस हाइव के तहत बच्चों को न केवल प्रैक्टिकल क्लासेज के माध्यम से विज्ञान सिखाया जा रहा है, बल्कि उन्हें रोचक और मनोरंजक गतिविधियों में भी भाग लेने का अवसर दिया जा रहा है। यह प्रयास बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने और सकारात्मक व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध हो रहा है। साइंस हाइव गतिविधि का उद्देश्य बच्चों की वैज्ञानिक रचनात्मकता को बढ़ावा देना और उन्हें शिक्षा के साथ-साथ मनोरंजन से जोड़कर एक संतुलित व्यक्तित्व विकास सुनिश्चित करना है। नियमित रूप से आयोजित होने वाली फन एक्टिविटीज बच्चों में टीमवर्क, नवाचार, और आत्मनिर्भरता की भावना को प्रोत्साहित करती हैं।

यह पहल न केवल बच्चों को शिक्षित करने में सहायक है, बल्कि उन्हें जीवन में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित भी कर रही है।

# दुमका : जेवर व्यवसायी को गोली मार तीन लाख के जेवरात व नगदी की लुट

खबर मन्त्र संवाददाता


अस्पताल में इलाजरत घायल व्यवसायी।

**मसलिया।** थाना क्षेत्र मोहुलबोना डंगाल में बाइक पर सवार तीन अपराधियों एक ज्वेलरी व्यवसायी को गोली मार कर जेवरात छिनतई की घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में मसलिया थाना के एसआई उमेश कुमार सिंकू ने बताया कि थाना क्षेत्र पहरुडीह गांव निवासी व्यवसायी संजय राणा का आश्रम मोड़ में सोना चांदी दुकान करता है। रोजाना की तरह शनिवार शाम को अपना दुकान को बंद कर अपना बाइक से घर जा रहा था। इसी क्रम में मोहुलबोना डंगाल के पास खाली जगह देखकर अपराधियों ने संजय राणा के साथ छिनतई करने लगा। संजय राणा के विरोध करने पर पिस्तौल निकालकर संजय राणा पर गोली चला दिया। जिससे संजय राणा को कमर में गोली लगने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद अपराधियों ने व्यवसायी संजय राणा के पास मौजूद सोना एवं चांदी की आभूषण सहित रुपया छीनकर दलाही की ओर भाग खड़ा हुआ। इधर संजय राणा के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। साथ ही संजय राणा के इलाज के लिए फूलों-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां नगर थाना प्रभारी अमित लकड़ा फर्द बयान लेने में जुटे है। अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दुगार्पुर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार करीब ढाई लाख के जेवरात को प्रतिदिन घर ले जाया करता था। करीब तीन किलोग्राम चांदी, सोना व 15 हजार नगदी लूट ले गए। घटना के बाद दुमका पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए चारो तरह नाकाबंदी कर गिरफ्तारी मे जुट गई है।

# दुमका : हड़ताल के बावजूद कुलपति आवास से छात्रहित में एसकेएमयू प्रशासन कर रही कार्य

**यूजी, पीजी के विभिन्न सेमेस्टर के उत्तर पुस्तिका का हो चुका है मूल्यांकन परिणाम जल्द जारी होगा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में पिछले एक माह से शिक्षकेत्तर कर्मियों का हड़ताल और तालाबंदी जारी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुलपति आवास में अपना अस्थायी कार्यालय बना छात्रहित में कई महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। इस बावत परीक्षा नियंत्रक डॉ जयकुमार साह ने बताया कि एक तरफ जहां संत जेवियर्स कॉलेज में यूजी सेमेस्टर-6 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन जारी रहा है। वहीं दूसरी तरफ झारखंड सीजीएल, बिहार शिक्षक एवं अन्य प्रतियोगिता परीक्षा उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के मूल प्रमाण पत्र भी निर्गत किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक उक्त प्रतियोगिता परीक्षा उत्तीर्ण कुल 58 छात्र-छात्राओं को मूल प्रमाण पत्र निर्गत किए जा चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी छात्र-छात्रा जिसने कोई भी प्रतियोगिता परीक्षा उत्तीर्ण की हो। वह कुलपति के आवासीय कार्यालय में आकर अपना मूल प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकता है। एक ओर जहां विश्वविद्यालय में हड़ताल और तालाबंदी है। वहीं दूसरी ओर विश्वविद्यालय प्रशासन अपने स्तर से छात्रहित के कार्यों में लगा हुआ है। विवि के सभी पदाधिकारी कुलपति आवास में तैनात नजर आ रहे हैं। कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने एक बार फिर आंदोलनरत शिक्षकेतर कर्मचारियों से छात्रहित में हड़ताल और तालाबंदी समाप्त करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि तालाबंदी के कारण छात्रों को परेशानी हो रही है। छात्रहित के कार्य बाधित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीजी सेमेस्टर-2 और यूजी सेमेस्टर-6 का मूल्यांकन कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जिसका परीक्षा परिणाम तालाबंदी के कारण प्रकाशित नहीं हो सका है। उन्होंने यह भी कहा कि यूजी सेमेस्टर-6 का परिणाम प्रकाशित नहीं होने के कारण पीजी एडमिशन में भी देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि यूजी सेमेस्टर-3, यूजी सेमेस्टर-1 सहित अन्य बैकलॉग स्पेशल परीक्षा लेने की विश्वविद्यालय ने तैयारी कर ली थी। जिसका आयोजन तालाबंदी के कारण नही हो सका। ज्ञात हो कि सातवें वेतनमान में वेतन निर्धारण को लेकर विवि के शिक्षकेतर कर्मचारी पिछले एक माह से आंदोलनरत हैं।

## एक नजर में

### बोकारो : बीएसएल के हॉट स्ट्रिप मिल में शाबाश स्कीम कार्यक्रम संपन्न



**बोकारो।** बीएसएल के हॉट स्ट्रिप मिल के सीजीएम विपिन कुमार सिंह की अध्यक्षता में शाबाश स्कीम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभाग के जीएम पीके वर्मा आरके झा आईसी गुप्ता के साथ वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। आरम्भ में हॉट स्ट्रिप मिल के जीएम धर्मेंद्र सिंह करारिया के द्वारा शाबाश स्कीम के तहत विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मियों के कार्यों के बारे में विस्तृत विवरण दिया गया। कार्यक्रम में सनातन दास आशीष बरजु सोरेन राजीव साधु अमित कुमार मृत्युंजय कुमार अनिल मुंडा राम मांझी एस यादव जितेंद्र कुमार सिंह जितेंद्र प्रसाद राकेश कुमार सिंह कैलाश केवट तथा श्रीलाल आर्या को सीजीएम विपिन कुमार सिंह के द्वारा पुरस्कृत किया गया। सीजीएम श्री सिंह ने सभी लोगों से भविष्य में भी इसी प्रकार के नवाचार और उत्कृष्ट कार्य करने की अपील की।

झारखंड मूल निवासी परिसंघ ने गृह मंत्री का फुंका पुतला।

### बेरमो : लोकसभा में भीमराव आंबेडकर पर गृहमंत्री के ब्यान का किया विरोध



**बेरमो।** डुमरी के वनांचल चौक में झारखंड मूल निवासी परिसंघ के द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका गया। मूल निवासी परिसंघ के लोगों का कहना है कि लोकसभा में गृह मंत्री के द्वारा संविधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर के खिलाफ उन्होंने अपशब्द का प्रयोग किया। इसके विरोध में लोगों ने अमित शाह का पुतला फूफा साथ ही लोगों ने अमित शाह से माफी मांगने की भी मांग की है। प्रदर्शन कर रहे लोगों की मांग थी कि जब तक गृह मंत्री अमित शाह देश से माफी नहीं मांगेंगे तब तक उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन चलता रहेगा। कार्यक्रम में परिसंघ के लोग मौजूद थे।

### बेरमो : मध्य रात्रि को सुरक्षा बलों ने चलाया छापेमारी अभियान, 9 टन कोयला बरामद



**कथारा।** शनिवार के अहले सुबह लगभग 03 :00 बजे महाप्रबंधक कथारा क्षेत्र के आदेशानुसार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में, क्षेत्रीय गस्ती दल एवं स्वांग कोलियरी गस्ती दल ने संयुक्त रूप से स्वांग कोलियरी, स्वांग वाशरी तथा जारंगडीह कोलियरी के क्वारी माइंस एरिया तथा जारंगडीह कांटा चेक पोस्ट के पीछे माणिक रोड के आस पास कोयला चोरों के विरुद्ध औचक छापामारी अभियान चलाया गया। छापा में गस्ती दल को देख कोयला चोर भाग खड़े हुए। तत्पश्चात लावारिश हालत में कोयले से लदा 16 मोटरसाइकिल तथा 24 साइकिल को जब्त कर मौके पर ही क्षतिग्रस्त कर दिया गया। लगभग 9 टन कोयला बरामद कर जारंगडीह कोलियरी कोयला स्टोक में गिरा दिया गया। गस्ती में मौजूद जवानों मे राम नाथ राय, मोंटू सिंह, बन्ना उरांव, राम रतन प्रसाद भुनेश्वर, शमशेर कुमार, संतोष कुमार, गौतम राम, लाल मोहन तथा होम गार्ड के अन्य जवान भी शामिल थे।

### झाकोमयू बीएडके क्षेत्र मे पंकज कुमार महतो के नेतृत्व मे सैकड़ो लोग हुए शामिल

**बेरमो।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन बोकारो एवं करगली क्षेत्र की बैठक करगली गेट स्थित झामुमो कार्यालय में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता विनेश्वर रविदास एवं सभा का संचालन क्षेत्रीय सचिव जेसीएमयू किशोर कुमार ने किया। मुख्य अतिथि यूनियन के सीसीएल जोनल सचिव जेसीएमयू जय नारायण महतो ने कहा कि जोनल कमेटी सीसीएल विगत 5 दिसंबर 2024 को रांची स्थित जेसीएमयू कार्यालय में निर्णय लिया है कि नव वर्ष 2025 जनवरी में सीसीएल के सभी परियोजना स्तर पर मजदूरों का सम्मेलन किया जाएगा तथा फरवरी 2025 को सीसीएल के सभी क्षेत्रों में क्षेत्रीय स्तर पर मजदूरों का सम्मेलन किया जाएगा और उस सम्मेलन में सीसीएल के जोनल अध्यक्ष जेसीएमयू उपस्थित रहेंगे। जय नारायण महतो ने कहा की सभी यूनिट कमेटी क्षेत्रीय कमेटी अपना मांग पत्र बनाकर प्रबंधन को 10 जनवरी 2025 तक सौंप दें तत्पश्चात मजदूर एवं विस्थापितों से जुड़ी समस्याओं का एक मांग पत्र बनाकर सीसीएल स्तर पर 20 जनवरी को सीसीएल प्रबंधन दरभंगा हाउस में सौपा जाएगा। बीएंडके क्षेत्र के बोकारो कोलियरी, एकेकेओसीपी, कारो तथा जीएम यूनिट से सैकड़ो की संख्या में मजदूर पंकज कुमार महतो के नेतृत्व मे शामिल हुए।

### डीपीएस चास में विद्यार्थियों ने लिया पिकनिक का आनंद

**बोकारो।** डीपीएस चास में विद्यालय परिसर में एक पिकनिक का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को एक अवकाश प्रदान करना व सौहार्द और विश्राम को बढ़ावा देना था। विद्यार्थियों ने हंसी-मजाक खेल गीत-संगीत नृत्य सहित अनेक गतिविधियों से भरे दिन का आनंद लिया। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने केक काटकर बच्चों के साथ मिलकर पिकनिक का आनंद उठाया। इस अवसर पर सचिव सुरेश अग्रवाल एवं विद्यालय की निदेशक डॉ मनीषा तिवारी ने भी बच्चों के साथ पिकनिक का आनंद उठाया एवं बधाइयां दी।

## स्पीड न्यूज

### डॉ मनमोहन सिंह का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति : रविंद्र



बेरमो। 16 वी लोकसभा सांसद रविंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि पुर्व प्रधान मंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा की पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है। देश की उन्नति और प्रगति में उनका योगदान चिरस्थाई है। वित्त मंत्री व प्रधानमंत्री रहते हुए उन्होंने देश की शासन व्यवस्था में अपने कर्तव्यों का बहुत अच्छी तरह निर्वहन किया था। उनके नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा मिली। कहा कि डॉ मनमोहन सिंह एक विश्व विख्यात अर्थशास्त्री, आर्थिक सुधारों के जनक, मृदुभाषी सरल सहज सहृदय,सादगी पुर्ण विचारधारा से ओतप्रोत थे।

### 21वां बोकारो ओपन बास्केटबॉल चैंपियनशिप तीस दिसंबर से



बोकारो। बोकारो के जनवृत 12 स्थित बास्केटबॉल कोर्ट में 30 से 31 दिसंबर तक आयोजित 21वें बोकारो ओपन बास्केटबॉल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में बोकारो की लगभग 30 टीमें भाग लेगी। प्रतियोगिता में अंडर 14 बालक एवं बालिका किड्स ग्रुप एवं सीनियर टीम भी भाग ले रही है। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ उमाकांत सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से नए खिलाड़ियों के प्रतिभा को निखारना बास्केटबॉल के नए नियमों की जानकारी साझा करना नए पुराने खिलाड़ियों का समावेश कराना मुख्य उद्देश्य है। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर अंडर 14-16 के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा एवं चयनित खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिता के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए राम नारायण पंडित राम लखन मिस्त्री विजय मिंज संजीव सिंह मनिंदर कुमार सुधीर कुमार निखिल ओझा रण विजय ओझा बिनोद कुमार हारून अंसारी मुद्दसिर खान कौशल सिंह कुणाल सिंह मदन तमांग अविनाश कमलकांत सिंह नीरज कुमार मनोज दुबे एवं सभी वरीय खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दी।

### दुमका : बाइक से गिरकर दो युवक घायल

**शिकारीपाड़ा।** जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में चकलता-हवाई अड्डा रोड़ में गंद्ररकपुर के समीप बाईक सवार युवक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना बाईक के अनियंत्रित होने से घटी। जिसमें थाना क्षेत्र के कोल्हाबदार गांव निवासी युवक शमशाद आलम एवं आदिल अंसारी घायल हो गया। वहीं तीसरा बाईक सवार दोनों युवकों को घायल अवस्था में छोड़ फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों घायल युवकों को फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार बाइक सवार तीन युवक बास्कीचक से घुम घर लौट रहे थे। जहां रास्ते में अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गये। हलांकि घायल युवकों की स्थिति समान्य बतायी जा रही है।

# गोड्डा से पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार, सिम कार्ड बरामद

- 11 मोबाइल, बैंकों के डेविड कार्ड, स्मार्ट टीवी, दो कैमरा, पासबुक चेक बुक आदि बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रेस वार्ता करते एसडीपीओ गोड्डा अशोक प्रियदर्शी व अन्य पुलिसकर्मी।

**गोड्डा।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गोड्डा अशोक प्रियदर्शी ने शनिवार को अपने कार्यालय मे एक प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि गोड्डा पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी द्वारा प्रतिबिम्ब ऐप के द्वारा कई संदिग्ध नंबरों कि समीक्षा की गई।

कुमार गौरव पुलिस उप अधीक्षक प्रशिक्षु गोड्डा के नेतृत्व मे एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी के क्रम मे साइबर क्राइम मे संलिप्त अपराधियों को भागलपुर, बांका, दुमका एवं गोड्डा से कुल पांच आरोपियों को पुलिस टीम ने धर दबोचा 1-चन्दन मंडल उम्र 22 वर्ष, 2 अभिषेक मंडल, उम्र 20 वर्ष दोनों साकिन दाहुजोर, 3 रोशन कुमार, उम्र 22 वर्ष, रामगढ़, दुमका, झारखण्ड, 4 रोहित कुमार उम्र 23 वर्ष साकिन मधाय, थाना रजौन, जिला बांका, बिहार, 5 बादल कुमार उम्र 23 वर्ष ग्राम सैनो थाना जगदीशपुर जिला भागलपुर, बिहार को हिरासत मे लिया गया। उनके पास से उपरोक्त सामानो कि बरामदगी की गई। इनसे पूछताछ जारी हैं और भी कई समूह मे शामिल सदस्यों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही हैं।

छापेमारी पुलिस टीम मे पुलिस उप अधीक्षक प्रशिक्षु कुमार गौरव के साथ गोड्डा नगर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक दिनेश महली, पुअनि राहुल कुमार थाना प्रभारी देवदंड, महिला थाना प्रभारी गोड्डा गुलाब किसपोट्टा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# महिला सुरक्षाकर्मी ने सहकर्मियों पर लगाये यौन उत्पीड़न का आरोप



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/गोमिया।** आइइएल थाना क्षेत्र के आइइएल कंपनी में कार्यरत तीन महिला सुरक्षा कर्मियों ने अपने सहकर्मी पुरुष सुरक्षा कर्मियों पर गंभीर यौन उत्पीड़न और धमकी देने के आरोप लगाए हैं। तीनों महिला सुरक्षाकर्मियों ने शुक्रवार को आइइएल थाना में इसकी शिकायत की है।

जिसमें बताया गया है कि पिछले कई महीनों से पुरुष सुरक्षा कर्मियों द्वारा कंपनी में काम के दौरान उनके साथ अश्लील और आपत्तिजनक व्यवहार किया जा रहा है। शिकायत के अनुसार उनके सहकर्मी खुशीलाल यादव, निर्मल सिंह, सुनील यादव, चंदन कुमार वर्मा, शंकर रविदास, राहुल रजक और विजय बारा लगातार उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। महिला सुरक्षाकर्मियों ने बताया कि जब उन्होंने इन घटनाओं का विरोध किया तो उन्हें काम से निकालने की धमकी दी गई। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रफुल्ल कुमार महतो ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है और इस मामले की जांच की जा रही है। इधर इस मामले पर आज आइइएल गेट में कुछ लोगों द्वारा आरोपी पर कारवाई की मांग को लेकर हंगामा भी किया गया।

# बोकारो : शिक्षकों की क्षमता निर्माण के लिये जॉय ऑफ लर्निंग के साथ एमओयू



खबर मन्त्र संवाददाता

**मिडिल और हाई स्कूल विज्ञान शिक्षकों को व्यावसायिक क्षमता निर्माण प्रदान करने के लिए समझौता किया गया**

**बोकारो।** बीएसएल के सीएसआर विभाग ने मिडिल और हाई स्कूल विज्ञान शिक्षकों को व्यावसायिक क्षमता निर्माण प्रदान करने के लिए जॉय ऑफ लर्निंग फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

सीजीएम मनीष जलोटा तथा जॉय ऑफ लर्निंग फाउंडेशन की निदेशक अंशुमाला गुप्ता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में वरीय प्रबंधक नीरज त्रिपाठी शिक्षक गण तथा सीएसआर विभाग के संतोष कुमार शामिल थे। पहली कार्यशाला डीएवी सेक्टर 8 में आयोजित की गई। कार्यशाला में भौतिकी रसायन विज्ञान जीव विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान में मौलिक महत्व के विषय के शामिल होने के साथ वैचारिक स्पष्टता बनाने के लिए पूछताछ व्यावहारिक प्रयोग और तर्क करने की क्षमता विकसित करने व अनुभव-अवलोकन व सिद्धांत के बीच अंतर को पाटने का लक्ष्य रखा गया है।

## विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति के सेमिनार में गरजे विधायक जयराम

# बेरमो कोयलांचल में किसानों की जमीन कोयला कंपनियों ने छीनकर उसे बदहाल और कंगाल बना दिया

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** बिनोद बिहारी महतो फुटबॉल ग्राउंड में विस्थापितों के सेमिनार को संबोधित करते हुए शनिवार को डुमरी विधायक जयराम महतो ने कहा कि झारखंड के विस्थापित कितना धैर्यवान और शांतिप्रिय हैं, इसका उदाहरण कोलियरियो के विस्थापित हैं। अपने पुरखों की जमीन लुटाने के बाद भी सीसीएल प्रबंधन से जीविकोपार्जन के लिए नौकरी की मांग 70 साल से करते आ रहे हैं और प्रबंधन बगैर नौकरी मुआवजा दिये जबरन कोलियरियो का विस्तार किये जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि यह पश्चिम बंगाल के किसानों के साथ होता तो गांव का गांव नक्सलबाड़ी बन जाता। कहा कि दार्जलिंग जिले में अवस्थित नक्सबाड़ी गांव में एक किसान की जमीन लूटी गई थी और वंहा के किसानों ने विद्रोह कर दिया फिर वह पूरे इलाके में फैल गया। बेरमो कोयलांचल में हजारो किसानों की जमीन कोयला कंपनियों द्वारा छीनकर उसे बदहाल और कंगाल बना दिया और इन्हें खानाबदोश की जिंदगी जीने के लिए छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रशासन भी सीसीएल की तरफदारी करता है। प्रशासन के नाक के नीचे विस्थापितों की जमीन को लूटकर उनके संवैधानिक अधिकारों पर रोज रोज हो रहे हमले उन्हें दिखाई नहीं देता। उन्होंने कहा कि 6 जनवरी से आहूत बेमियादी चक्काजाम आंदोलन में पूरी ताकत के साथ मैं खड़ा रहूंगा। प्रबंधन प्रशासन को या तो विस्थापितों की जायज मांगें माननी पड़ेगी या हमलोगों को गोलियों से भुनना पड़ेगा। यह वर्षों से पीड़ित उपेक्षित जनता के हक हकूक की लड़ाई है। उन्होंने विधानसभा में विस्थापितों के सवालों को पुरजोर तरीके से उठाने का वादा किया। सेमिनार की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष लखनलाल महतो ने की और संचालन डॉ दशरथ महतो ने किया। महासचिव काशीनाथ केवट ने नौ प्रस्ताव पढ़कर सुनाया जिसे करतल ध्वनि से पारित किया गया। जिसमे विस्थापन आयोग का गठन अविलंब किया जाय एवं समिति के एक नेता को उसमें शामिल किया जाय की मांग शामिल है।

# बोकारो संस्कृत भारती द्वारा चास में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो संस्कृत भारती झारखंड प्रदेश की ओर से एनएम मेमोरियल अकादमी विस्थापित नगर चास में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में राष्ट्रीय पदाधिकारी डॉ रमन मूर्ति ने कहा कि देश की सुरक्षा संस्कृत में निहित है। मानव हेतु और विश्व हित की रक्षा संस्कृत के साहित्य में निहित ज्ञान के आधार पर की जा सकती है। उन्होंने कहा कि विश्व का बहुमूल्य ज्ञान जो संस्कृत में है वह अन्य कहीं नहीं है। मौके पर उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ दीपचन्द राम कश्यप ने कहा कि संस्कृत को सहज सरल स्वरूप में मंत्रवत छात्रों -शिक्षकों को अभ्यास करने का प्रयत्न हमारी संस्था कर रही है। एनएम अकादमी के डायरेक्टर मेघचंद्र मिश्रा ने इस कार्य को गति प्रदान करने के लिए संस्कृत भारती के विजयवाड़ा से आए अधिकारी और अन्य सभी अधिकारियों का अभिनंदन किया।

स्वयं को इस कार्य के लिए अपने विद्यालय के उपयोग को अपना सौभाग्य बताया। डॉ आशा रानी राष्ट्रपति के द्वारा सम्मानित अतिथि थी। मौके पर वर्ग अधिकारी डॉ सत्यदेव तिवारी संस्कृत भारती के प्रांत मंत्री पृथ्वीराज सिंह संस्था के अध्यक्ष डॉ रामनारायण सिंह संस्कृत भारती के धनबाद विभाग संयोजक डॉ विनय कुमार पांडेय राम बचन सिंह जी डा विनय कुमार पाण्डेय संस्कृत भारती के पत्राचार प्रमुख बोकारो संस्कृत भारती बोकारो के कोषाध्यक्ष कुमार गौरव, विपुल कुमार, कृष्ण कुमार उपस्थित रहे।

# बोकारो इस्पात संयंत्र के अंदर ठेका श्रमिक की हादसे में मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के अंदर सत्येंद्र तिवारी नामक ठेका श्रमिक की एक ट्रक/डम्फर से हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार राउरकेला स्थित मुख्य वेंडर सर्वेश रीफ्रैक्टरीज प्राइवेट लिमिटेड के अंतर्गत सब-वेंडर शारदा इंटरप्राइजेज का उक्त कर्मी स्थानीय सेक्टर 9 श्रमिक कॉलोनी में रहता था। कंपनी ने स्व तिवारी की पत्नी या उनके द्वारा नामित किसी एक व्यक्ति के नियोजन पर सहमति प्रदान करते हुए 15 दिनों के अंदर आवेदन देने को लिखित रूप से पत्र सन्दर्भ संख्या म.स./संकार्य/2024-1472 जारी कर संवेदना प्रकट किया। बोकारो प्रबंधन सहित अन्य सम्बद्ध कंपनी एवं श्रमिकों ने स्व तिवारी की दर्दनाक मौत पर गहरा शोक प्रकट किया है।

## पेज एक का शेष

### डॉ मनमोहन सिंह ...

आर्मी मेमोरियल ट्रक, जिसमें मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर था, उसमें उनके परिवार वालों के साथ राहुल गांधी भी बैठे थे। आर्मी ट्रक के दोनों ओर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था थी। सुरक्षाबल के जवान ट्रक के साथ चलते हुए पूरी यात्रा की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे थे। जैसे ही मनमोहन सिंह का पार्थिव निगम बोध घाट पहुंचा, उन्हें सलामी दी गयी। इसके बाद अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू हुई। इससे पहले, डॉ. मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर को उनके आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

**पीएम मोदी ने रैली स्थगित की :** पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के जापानी पार्क में आयोजित होने वाली रैली रद्द कर दी है। अब यह रैली 5 जनवरी को आयोजित की जायेगी। डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर केंद्र सरकार ने सात दिनों के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है।

### पाकिस्तान और अफगान ...

यह झड़पें मंगलवार रात को पक्तिका प्रांत में पाकिस्तानी एयर स्ट्राइक के बाद हुई हैं। हवाई हमले में महिलाओं और बच्चों सहित 51 लोग मारे गये थे।

दुस्मनी का कारण : इस्लामाबाद और काबुल के बीच दुश्मनी की सबसे बड़ी वजह तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी या पाकिस्तानी तालिबान) बना है। टीटीपी का उद्देश्य पाकिस्तानी सशस्त्र बलों और राज्य के खिलाफ आतंकवादी अभियान चलाकर पाकिस्तान सरकार को उखाड़ फेंकना है। हाल के दिनों में, इस्लामाबाद ने बार-बार अफगान सरकार पर सशस्त्र समूहों, विशेष रूप से टीटीपी को पनाह देने का आरोप लगाया है। टीटीपी के बारे में उसका दावा है कि वह पाकिस्तानी सुरक्षा बलों को निशाना बनाकर सीमा पार से हमले करता है। वहीं काबुल इस्लामाबाद के आरोपों को खारिज करता रहा है। पाकिस्तान को परंपरागत रूप से तालिबान का समर्थक माना जाता है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जाता है कि दोनों के बीच गहरा संबंध रहा है। 2021 में जब तालिबान दूसरी बार काबूल की सत्ता पर काबिज हुआ तो इस्लामाबाद ने मान लिया कि उनके बीच अच्छे संबंध फिर से शुरू हो जायेंगे हालांकि उसका यह भ्रम जल्द ही टूट गया।

## January

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |

## February


| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | |

## March

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 30 | 31 | | | | | |

## April

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | | | |



# खबर मन्त्र 2025

सबकी बात सबके साथ

## December

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |

## November

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 30 | | | | | | |

## October

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |

## September

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | | | | |

## May

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 |

## June

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | | | | | |

## July

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | | |

## August

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 31 | | | | | | |

## Festivals Calendar 2025

**Jan 10 :** Vaikuntha Ekadashi
**Jan 13 :** Arudra Darshan
**Jan 14 :** Makara Sankranti
**Jan 14 :** Pongal
**Feb 02 :** Vasant Panchami
**Feb 04 :** Ratha Saptami
**Feb 11 :** Thaipusam
**Feb 26 :** Maha Shivaratri
**Mar 14 :** Holi
**Mar 30 :** Chaitra Navratri, Gudi Padwa, Ugadi
**Apr 06 :** Rama Navami
**Apr 12 :** Hanuman Jayanti
**Apr 14 :** Mesha Sankranti
**Apr 14 :** Tamil New Year, Vishu
**Apr 30 :** Akshaya Tritiya
**May 11 :** Narasimha Jayanti
**Jun 27 :** Jagannath Rath Yatra
**Jul 10 :** Guru Purnima
**Jul 29 :** Naga Panchami
**Aug 08 :** Varalakshmi Vratham
**Aug 09 :** Raksha Bandhan
**Aug 09 :** Shravana Purnima
**Aug 16 :** Krishna Janmashtami
**Aug 27 :** Ganesh Chaturthi
**Sep 05 :** Onam
**Sep 29 :** Maha Saptami
**Sep 30 :** Maha Ashtami
**Oct 01 :** Maha Navmi, Saraswati Pooja
**Oct 02 :** Dussehra, Vijayadashami
**Oct 18 :** Dhanteras
**Oct 20 :** Diwali/Deepavali
**Nov 05 :** Kartika Purnima
**Nov 12 :** Kalabhairav Jayanti
**Dec 04 :** Karthigai Deepam
**Dec 31 :** Vaikuntha Ekadashi